4 आंतरिक नियंत्रण संबंधी शिथिलता के बारे में आंतरिक लेखा परीक्षा रिपोर्ट.

5 मुख्य आंतरिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति, पद से हटाना और पारिश्रमिक की शर्तें लेखा परीक्षा समिति की समीक्षा के अधीन होंगी.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015) के दौरान एसीबी की ग्यारह बैठकें हुईं, जो 30 अप्रैल 2014, 7 जून 2014, 19 जुलाई 2014, 6 अगस्त 2014, 5 सितंबर 2014, 26 सितंबर 2014, 31 अक्तूबर 2014, 29 दिसंबर 2014, 9 जनवरी 2015, 6 फरवरी 2015 और 4 मार्च 2015 को संपन्न हुईं.

2. कारोबार समीक्षा समिति (बीआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कारोबार समीक्षा समिति (बीआरसी) के गठन का मुख्य उद्देश्य कार्यसूची की चुनी हुईं मदों की अभिपुष्टि/ अनुमोदन करने के अतिरिक्त समीक्षा और रिपोर्टिंग मदों पर गहन चर्चा और बोर्ड को पहले प्रस्तुत की गईं सूचनार्थ मदों पर चर्चा करना है. बोर्ड बीआरसी बैठकों के कार्यवृत्त को नोट करने के दौरान इन मदों पर की गई चर्चाओं पर ध्यान देता है और उन्हें रिकॉर्ड करता है. इस समिति के कार्य के अंतर्गत सचिवीय रिपोर्टिंग के अलावा ऐसी समीक्षा मदों (कैलेंडर समीक्षा सहित) पर चर्चा करना शामिल है जो सूचनार्थ प्रस्तुत की गई हों और जिनमें कोई अनुमोदन/ संशोधन/ रणनीति और रिपोर्टिंग के लिए प्रस्तुत मदें शामिल न हों. यथा 31 मार्च 2015 को बीआरसी में छह सदस्य थे जिनमें तीन कार्यपालक निदेशक और तीन स्वतंत्र निदेशक शामिल थे. श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, समिति के अध्यक्ष और सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक, पी.एस. शेनॉय, एस.रवि और श्री पंकज वत्स सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015) के दौरान कारोबार समीक्षा समिति की सात बैठकें हुईं जो 15 अप्रैल 2014, 15 मई 2014, 14 जुलाई 2014, 16 अक्तूबर 2014, 25 नवंबर 2014, 20 जनवरी 2015 और 25 फरवरी 2015 को संपन्न हुईं.

3. कार्यपालक समिति (ईसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बोर्ड और बीआरसी के अलावा आपके बैंक में कार्यपालक समिति भी कार्यरत है, जो नीतिगत मामलों और खास तौर पर ऐसे मामलों, जिन पर बोर्ड द्वारा विचार किया जाना अपेक्षित है, को छोड़कर ऋणों तथा अग्रिमों के अनुमोदन, संशोधन आदि मामलों पर विचार करती है. यह बोर्ड द्वारा इसे प्रत्यायोजित अन्य शक्तियों का भी प्रयोग करती है. 31 मार्च 2015 को कार्यपालक समिति में तीन कार्यपालक निदेशक और तीन स्वतंत्र निदेशकों सहित छः सदस्य थे. श्री एम.एस.राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष थे और सर्वश्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, एम.ओ. रेगो उप प्रबंध निदेशक, पी.एस. शेनॉय, एस. रवि और निनाद कर्पे इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015) के दौरान कार्यपालक समिति की कुल 25 बैठकें हुईं जो 15 अप्रैल 2014, 30 अप्रैल 2014, 15 मई 2014, 7 जून 2014, 16 जून 2014, 30 जून 2014, 14 जुलाई 2014, 6 अगस्त 2014, 5 सितंबर 2014, 26 सितंबर 2014, 16 अक्तूबर 2014, 31 अक्तूबर 2014, 25 नवंबर 2014, 10 दिसंबर 2014, 20 दिसंबर 2014, 24 दिसंबर 2014, 29 दिसंबर 2014, 9 जनवरी 2015, 20 जनवरी 2015, 30 जनवरी 2015, 10 फरवरी 2015, 25 फरवरी 2015, 10 मार्च 2015, 19 मार्च 2015 और 27 मार्च 2015 को संपन्न हुईं.

4. अंशधारक संबंध समिति (एसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

यथा 31 मार्च 2015 को आपके बैंक की अंशधारक संबंध समिति में दो कार्यपालक निदेशक और दो स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशकों सहित चार सदस्य थे. श्री पंकज वत्स, स्वतंत्र गैर-कार्यपालक निदेशक समिति के अध्यक्ष थे तथा श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक और श्री एस. रवि समिति के सदस्य थे. इस समिति का गठन अंशधारकों एवं निवेशकों की शेयर-अंतरण, वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने, घोषित लाभांश प्राप्त नहीं होने आदि से संबंधित शिकायतों का निवारण करने के लिए किया गया है.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015) के दौरान एसआरसी की चार बैठकें हुईं जो 7 जून 2014, 5 सितंबर 2014, 25 नवंबर 2014 और 25 फरवरी 2015 को हुईं.

5. धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

धोखाधड़ी का पता लगाने, उस पर निगरानी रखने और उससे निपटने के लिए आपके बैंक में एक धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) गठित की गई है. 31 मार्च 2015 को समिति में पाँच सदस्य थे, समिति के अध्यक्ष श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे तथा श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री एम.ओ. रेगो उप प्रबंध निदेशक, श्री एस. रवि और श्री निनाद कर्पे इसके सदस्य थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015) के दौरान धोखाधड़ी निगरानी समिति (एफएमसी) की कुल नौ बैठकें हुईं जो 30 अप्रैल 2014, 7 जून 2014, 14 जुलाई 2014, 6 अगस्त 2014, 26 सितंबर 2014, 25 नवंबर 2014, 10 दिसंबर 2014, 29 दिसंबर 2014 और 30 जनवरी 2015 को संपन्न हुईं.

6. जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

31 मार्च 2015 को आपके बैंक की जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) में चार सदस्य थे, जिसमें श्री पी. एस. शेनॉय, अध्यक्ष तथा श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री.एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक, और श्री निनाद कर्पे सदस्य थे. यह समिति बैंक के कारोबार से जुड़े विभिन्न जोखिमों का आकलन, उनमें कमी लाने का प्रयास और आस्ति देयता असंतुलन से जुड़े मुद्दों का भी समाधान करती है. समिति आपके बैंक की जोखिम प्रबंधन योजना की निगरानी एवं समीक्षा भी करती है.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि के दौरान (1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015) जोखिम प्रबंध समिति (आरएमसी) की पाँच बैठकें क्रमशः 15 मई 2014, 16 जून 2014, 5 सितंबर 2014, 20 दिसंबर 2014 और 25 फरवरी 2015 को संपन्न हुईं.

7. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति (सीएसआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के अनुसार बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) समिति का गठन किया गया है. यथा 31 मार्च 2015 को समिति के अध्यक्ष श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे तथा श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक, श्री निनाद कर्पे और श्री पंकज वत्स इसके सदस्य थे.

कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति के मुख्य दायित्व हैं :

क) कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति का गठन कर बोर्ड को उसकी सिफारिश करना जिसमें कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII में दिए गए अनुसार बैंक द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की जानकारी दी जाएगी;

ख) खंड (ए) में दिए गए कार्यकलापों के लिए होने वाले व्यय की राशि की सिफारिश करना; और

ग) बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति पर समय-समय पर निगरानी रखना.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व समिति की एक बैठक 16 अक्तूबर 2014 को सम्पन्न हुई.

8. ग्राहक सेवा समिति (सीएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

रिटेल बैंकिंग खंड में ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने और ग्राहकों को कारगर सेवा देने के लिए आपके बैंक द्वारा एक ग्राहक सेवा समिति (सीएससी) का गठन किया गया. यथा 31 मार्च 2015 को समिति के पाँच सदस्य थे जिसके अध्यक्ष श्रीएम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य सदस्यों में श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक; श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक; सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, सरकारी निदेशक और श्री पी.एस. शेनॉय शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान ग्राहक सेवा समिति की चार बैठकें 30 अप्रैल 2014, 6 अगस्त 2014, 31 अक्तूबर 2014 और 6 फरवरी 2015 को संपन्न हुईं.

9. सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

बैंक में प्रभावी प्रौद्योगिकीय प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए आपके बैंक ने सूचना प्रौद्योगिकी समिति (आईटीसी) का गठन किया है. इसका उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करना; दृष्टिकोण को सुसंगत बनाने में मदद करना; नए उत्पाद शुरू करने में सहायता देना और तत्संबंधी सेवाओं का प्रावधान करना है. इस समिति में पाँच सदस्य हैं जिसमें अध्यक्ष श्री निनाद कर्पे, आईटी उद्योग से संबद्ध हैं तथा अन्य सदस्यों में श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक, श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक, श्री पी.एस. शेनॉय और श्री पंकज वत्स शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी समिति की चार बैठकें 16 जून 2014, 26 सितंबर 2014, 10 दिसंबर 2014 और 25 फरवरी 2015 को हुईं.

10. पारिश्रमिक समिति (आरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार और कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा उप प्रबंध निदेशकों को वार्षिक कार्य-निष्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन पर विचार करने और उसके भुगतान का अनुमोदन करने के लिए एक पारिश्रमिक समिति (आरसी) का गठन किया गया है. पारिश्रमिक समिति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के तहत प्रदत्त अधिदेश/ संदर्भ मानदंडों को भी पूरा करती है. यथा 31 मार्च 2015 को समिति में चार सदस्य थे जिसकी अध्यक्ष सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, सरकारी निदेशक थीं तथा अन्य सदस्यों में श्री पी.एस. शेनॉय, श्री एस. रवि और श्री निनाद कर्पे शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान पारिश्रमिक समिति की एक बैठक 7 जून 2014 को सम्पन्न हुई.

11. नामांकन समिति (एनसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में केंद्र सरकार और केंद्र सरकार के बैंकों व संस्थाओं में से चुने गए व्यक्तियों को छोड़ कर शेष सभी मौजूदा चयनित निदेशकों व शेयरधारकों द्वारा चुने गए निदेशकों के 'उपयुक्त व उचित'

होने की समुचित सावधानी वाली प्रक्रिया को संचालित करने के लिए निदेशक मंडल के सदस्यों में से न्यूनतम तीन निदेशकों (सभी स्वतंत्र / गैर-कार्यपालक निदेशकों) को शामिल करते हुए एक नामांकन समिति (एनसी) बनाई गई. नामांकन समिति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के तहत प्रदत अधिदेश/ संदर्भ मानदंडों को भी पूरा करती है. यथा 31 मार्च 2015 को नामांकन समिति में चार सदस्य थे जिसके अध्यक्ष श्री पी.एस. शेनॉय और सदस्यों में श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे और पंकज वत्स शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान नामांकन समिति की एक बैठक 7 जून 2014 को सम्पन्न हुई.

12. मानव संसाधन संचालन समिति (एचआरएससी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार मानव संसाधन संबंधी निम्नलिखित मामलों के लिए मानव संसाधन संचालन समिति (एचआएससी) का गठन किया गया है :

- भर्ती, प्रशिक्षण से संबंधित नीतियाँ;
- कार्य-निष्पादन प्रबंध, मुआवजा और कैरियर विकास की पहल;
- प्रबंधन विकास और उत्तराधिकार नियोजन;
- एचआर रणनीति को कारोबार रणनीति व योजना के अनुकूल बनाना.

यथा 31 मार्च 2015 को समिति में पाँच सदस्य थे जिसके अध्यक्ष श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे; तथा सदस्यों में श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक; श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक; सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, सरकारी निदेशक और श्री पी.एस. शेनॉय शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान मानव संसाधन संचालन समिति की तीन बैठकें 5 सितंबर 2014, 6 फरवरी 2015 और 28 मार्च 2015 को हुईं.

13. वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

भारत सरकार के दिशानिर्देशों/ बोर्ड की सिफारिशों के अनुसार एनपीए, तनावग्रस्त खातों, बट्टे खाते डाले गए मामलों, ओएल मामलों, डीआरटी मामलों आदि की समीक्षा करने के लिए वसूली समीक्षा समिति (आरआरसी) गठित की गई है. यथा 31 मार्च 2015 को वसूली समीक्षा समिति में छह सदस्य थे. जिसके अध्यक्ष श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं तथा इसके सदस्यों में श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक; श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक; सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, सरकारी निदेशक, श्री एस. रवि और पंकज वत्स शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान वसूली समीक्षा समिति की चार बैठकें 7 जून 2014, 26 सितंबर 2014, 29 दिसंबर 2014 और 4 मार्च 2015 को हुईं.

14. स्वतंत्र निदेशकों की समिति (आईडीसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV तथा सूचीबद्धता करार के खंड 49 के मानदंडों के तहत निम्नलिखित मामलों के लिए स्वतंत्र निदेशकों की समिति गठित की गई है :

क. गैर-स्वतंत्र निदेशकों और बोर्ड के कार्य निष्पादन की पूर्ण समीक्षा;

ख. कार्यपालक निदेशकों तथा गैर-कार्यपालक निदेशकों के मतों को ध्यान में रखते हुए कंपनी के अध्यक्ष के कार्य निष्पादन की समीक्षा.

ग. कंपनी प्रबंधन और बोर्ड के बीच सूचना के आवागमन की गुणवत्ता, मात्रा और समयबद्धता का मूल्यांकन करना जो बोर्ड के प्रभावी और तर्कसंगत कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक है.

यथा 31 मार्च 2015 को स्वतंत्र निदेशकों की समिति में चार सदस्य थे. जिसके अध्यक्ष श्री पी.एस. शेनॉय तथा सदस्यों में श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे और श्री पंकज वत्स शामिल थे.

बैठकों की संख्या

समीक्षाधीन अवधि (1 अप्रैल 2014 - 31 मार्च 2015) के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की समिति की दो बैठकें 16 जून 2014 और 19 मार्च 2015 को हुईं.

15. गैर-सहकारी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनबीआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 22 दिसंबर 2014 के रिज़र्व बैंक के परिपत्र के मानदंडों के अनुरूप अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में तथा दो स्वतंत्र निदेशकों को शामिल करते हुए 6 फरवरी 2015 को गैर-सहकारी ऋणकर्ता समीक्षा समिति (एनबीआरसी) का गठन किया गया था. यह समिति ऋणकर्ता को गैर-सहकारी के रूप में वर्गीकृत करने, कारण बताओ नोटिस जारी करने इत्यादि से संबंधित गैर-सहकारी ऋणकर्ता समिति के आदेशों/ निर्णयों की समीक्षा करेगी. 31 मार्च 2015 को इस समिति के अध्यक्ष श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा सदस्यों में श्री एस. रवि तथा श्री पी.एस. शेनॉय शामिल थे.

16. इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति (डब्ल्यूडीआरसी)

संघटन और विचारार्थ विषयों का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 7 जनवरी 2015 के रिज़र्व बैंक के परिपत्र के मानदंडों के अनुरूप अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में तथा दो स्वतंत्र निदेशकों को शामिल करते हुए 6 फरवरी 2015 को इरादतन चूककर्ता समीक्षा समिति का गठन किया गया था. यह समिति इरादतन चूककर्ता होने के वर्गीकरण करने, कारण बताओ नोटिस जारी करने इत्यादि से संबंधित इरादतन चूककर्ता समिति के आदेशों/ निर्णयों की समीक्षा करेगी. 31 माच 2015 को इस समिति के अध्यक्ष श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे तथा सदस्यों में श्री एस. रवि तथा श्री पी.एस. शेनॉय शामिल थे.

समिति बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति तालिका 2 में दर्शाई गई है.

तालिका 2 : समिति बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति (1 अप्रैल 2014 से 31मार्च 2015 तक)

क्रम सं.	निदेशकों के नाम	एसीबी		बीआरसी		ईसी		एसआरसी		एफएमसी		आरएमसी		सीएसआरसी		सीएससी		आईटीसी		आरसी		एनसी		एचआरएससी		आरआरसी		आईडीसी		एनबीआरसी		डब्ल्यूडीआरसी	
		एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए	एच	ए
1.	श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 05236790)	-	-	7	7	25	25	-	-	9	9	-	-	1	0	4	4	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**3**	**3**	**4**	**4**	**-**	**-**	**0**	**0**	**0**	**0**
2.	श्री बी. के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन- 00015732)	11	10	7	6	25	23	4	4	9	9	5	5	1	0	4	3	**4**	**4**	**-**	**-**	**-**	**-**	**3**	**3**	**4**	**4**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
3.	श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन 00292670)	-	-	7	7	25	25	4	4	9	9	5	5	1	1	4	4	**4**	**4**	**-**	**-**	**-**	**-**	**3**	**3**	**4**	**4**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
4.	सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव, सरकारी निदेशक (डीआईएन - 06478173)	11	7	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4	3	**-**	**-**	**1**	**1**	**-**	**-**	**3**	**3**	**4**	**3**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
5.	श्री सुभाष तुली (21 जुलाई 2014 तक) (डीआईएन -02203423)	3	2	-	-	-	-	1	0	3	1	2	1	-	-	-	-	**-**	**-**	**1**	**0**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
6.	श्री पी. एस. शेनॉय (डीआईएन -00108547)	11	11	7	5	25	24	-	-	-	-	5	5	-	-	4	4	**4**	**4**	**1**	**1**	**1**	**1**	**3**	**3**	**-**	**-**	**2**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**
7.	श्री एस. रवि (डीआईएन- 00009790)	11	11	7	6	25	24	4	4	9	8	-	-	-	-	-	-	**-**	**-**	**1**	**1**	**1**	**1**	**-**	**-**	**4**	**4**	**2**	**2**	**0**	**0**	**0**	**0**
8.	श्री निनाद कर्पे (डीआईएन- 00030971)	11	8	-	-	25	21	-	-	9	7	5	5	1	1	-	-	**4**	**4**	**0**	**0**	**1**	**0**	**-**	**-**	**-**	**-**	**2**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**
9.	श्री पंकज वत्स (डीआईएन- 06712380)	8	8	7	4	-	-	3	3	-	-	-	-	1	1	-	-	**4**	**4**	**-**	**-**	**1**	**1**	**-**	**-**	**4**	**4**	**2**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**

एच - निदेशक के कार्यकाल के दौरान हुई बैठकें.
ए - निदेशक ने बैठकों में भाग लिया.

वार्षिक प्रतिफल का उद्धरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ए) के साथ पठित धारा 92(3) के प्रावधानों के अनुरूप तथा कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12 के अनुसार वार्षिक प्रतिफल का उद्धरण निर्धारित फॉर्म एमजीटी 9 में नीचे दिया गया है :

I. पंजीकरण और अन्य विवरण

i.	सीआईएन	L65190MH2004GOI148838
ii.	पंजीकरण की तारीख	27 सितंबर 2004
iii.	कंपनी का नाम	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
iv.	कंपनी की श्रेणी/ उपश्रेणी	सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी /शेयर द्वारा लिमिटेड
v.	पंजीकृत कार्यालय का पता तथा संपर्क विवरण	**पंजीकृत कार्यालय:** आईडीबीआई टॉवर डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई - 400005 फोन नं. : (022)-66553355, 22189111 फैक्स नं.: (022) 22180411 वेबसाईट: www.idbi.com
vi.	क्या सूचीबद्ध कंपनी है	हाँ
vii.	रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट का पता तथा संपर्क विवरण	कार्वी कंप्यूटरशेयर प्राइवेट लिमिटेड कार्वी सिलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32 गच्चीबौली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुड़ा, हैदराबाद-500 032 टेली नं. (040) 67162222 टोल फ्री नं.: 1-800-3454001 फैक्स नं.: (040) 23420814 ईमेल: einward.ris@karvy.com

II. कंपनी की मुख्य कारोबारी गतिविधियां

क्रम सं.	मुख्य उत्पाद/ सेवाओं का नाम एवं विवरण	उत्पाद/ सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल टर्न ओवर का %
1.	वाणिज्यिक बैंकों, बचत बैंकों, पोस्टल बचत बैंकों और डिस्काउंट हाउसों की वित्तीय मध्यस्थता	64191	100%

III. धारिता, सहायक एवं सहयोगी कंपनियों का विवरण

क्रम सं.	कंपनी का नाम और पता	सीआईएन/जीएलएन	धारिता / सहायक / सहयोगी	शेयरों का %	लागू धारा
1	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेस लिमिटेड तीसरी मंजिल, मफतलाल सेंटर, नरीमन प्वाइंट, मुंबई - 400021.	U65990MH1993GOI075578	सहायक	100.00%	2(87)
2	आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड, आईडीबीआई बिल्डिंग, पहली मंजिल, प्लॉट नं. 39-41 सेक्टर 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- 400614.	U72200MH2000GOI124665	सहायक	100.00%	2(87)
3	आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005	U65991MH2010PLC199326	सहायक	100.00%	2(87)
4	आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-400 005	U65100MH2010PLC199319	सहायक	66.67%	2(87)
5	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेस लिमिटेड, एशियन बिल्डिंग, तल मंजिल, 17, आर. कामिनी मार्ग, बलार्ड इस्टेट, मुंबई- 400 001.	U65991MH2001GOI131154	सहायक	54.70%	2(87)
6	आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, ट्रेड व्यू, ओएसिस कॉम्प्लेक्स, कमला सिटी, पी.बी. मार्ग, लोअर परेल (प). मुंबई - 400 013.	U66010MH2007PLC167164	संयुक्त उद्यम	48.00%	2(6)
7	नेशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड 'ए' विंग, चौथी मंजिल, ट्रेड वर्ल्ड, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013.	U74120MH2012PLC230380	सहयोगी	30.00%	2(6)
8	एनएसडीएल ई गवर्नेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड टाइम्स टॉवर, पहली मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013.	U72900MH1995PLC095642	सहयोगी	30.00%	2(6)
9	बायोटेक कंसोर्शियम इंडिया लिमिटेड, पाँचवीं मंज़िल, अणुव्रत भवन, 210 दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली -110002.	U73100DL1990PLC041486	सहयोगी	27.93%	2(6)

क्रम सं.	कंपनी का नाम और पता	सीआईएन/जीएलएन	धारिता / सहायक / सहयोगी	शेयरों का %	लागू धारा
10	नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फ़ाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, एनईडीएफआई हाउस, दिसपुर, गुवाहाटी - 781 006.	U65923AS1995GOI004529	सहयोगी	25.00%	2(6)
11	पांडिचेरी इंडस्ट्रियल प्रमोशन डेवलपमेंट एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लि. 60,रोमेन रोलैंड स्ट्रीट, पुदुच्चेरी - 605 001.	U65923PY1974SGC000121	सहयोगी	21.14%	2(6)

IV. शेयरधारिता का स्वरूप (इक्विटी शेयर पूंजी - कुल इक्विटी का प्रतिशत के रूप में अलग-अलग विवरण)

i) श्रेणीवार शेयरधारिता

		शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान % में बदलाव
			डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
अ.		प्रवर्तक									
	(1)	भारतीय									
	क)	वैयक्तिक/ हिन्दू अविभाजित परिवार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	ख)	केंद्र सरकार	1227018622	0	1227018622	76.50	1227018622	0	1227018622	76.50	0.00
	ग)	राज्य सरकार(रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	घ)	कॉरपोरेट निकाय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	ङ)	वित्तीय संस्थाएं/ बैंक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	च)	अन्य कोई (विशेष रूप से उल्लेख करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
		कुल योग (अ) (1)	1227018622	0	1227018622	76.50	1227018622	0	1227018622	76.50	0.00
	(2)	विदेशी									
	क)	एनआरआई - वैयक्तिक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	ख)	अन्य - वैयक्तिक	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	ग)	निकाय निगम	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	घ)	बैंक/ एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	ङ)	अन्य कोई (विशेष रूप से उल्लेख करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
		कुल योग (अ) (2)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
		प्रवर्तक की कुल शेयरधारिता (अ)=(अ) (1)+(अ)(2)	1227018622	0	1227018622	76.50	1227018622	0	1227018622	76.50	0.00
आ.		सार्वजनिक शेयरधारिता									
	1.	संस्थान									
	क)	म्यूचुअल फंड	665341	100	665441	0.04	1126916	100	1127016	0.07	0.03
	ख)	बैंक/ एफआई	17660370	18826	17679196	1.10	17743818	18826	17762644	1.11	0.01
	ग)	केंद्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	घ)	राज्य सरकार(रें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	ङ)	जोखिम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	च)	बीमा कंपनियां	160920678	0	160920678	10.03	154703233	0	154703233	9.65	-0.38
	छ)	एफआईआई	46300657	2020	46302677	2.89	53567646	2020	53569666	3.34	0.45
	ज)	विदेशी जोखिम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
	झ)	अन्य कोई (विशेष रूप से उल्लेख करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
		राज्य वित्त निगम	0	35680	35680	0	0	35680	35680	0.00	0.00
		कुल योग (आ)(1)	225547046	56626	225603672	14.06	227141613	56626	227198239	14.17	0.11

	शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान % में बदलाव
		डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	डीमैट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का %	
2.	**गैर-संस्थान**									
क)	**कॉरपोरेट निकाय**									
i)	भारतीय	18503811	308279	18812090	1.17	18906798	303799	19210597	1.20	0.03
ii)	विदेशी	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख)	**वैयक्तिक**									
(i)	₹ 1 लाख तक की नाममात्र शेयर पूंजी रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	88123617	15474456	103598073	6.46	86667858	14958633	101626491	6.34	-0.12
(ii)	₹ 1 लाख से अधिक की नाममात्र शेयर पूंजी रखने वाले वैयक्तिक शेयरधारक	21008033	93480	21101513	1.32	21677686	109480	21787166	1.36	0.04
(ग)	**अन्य कोई (विशेष रूप से उल्लेख करें)**									
	समाशोधन सदस्य	1775993	0	1775993	0.11	548333	0	548333	0.03	-0.08
	अनिवासी भारतीय	3647935	1728413	5376348	0.34	3694042	1687973	5382015	0.34	0.00
	सोसाइटी	0	28960	28960	0.00	0	28960	28960	0.00	0.00
	न्यास	586229	37760	623989	0.04	1119742	37440	1157182	0.07	0.03
	कुल योग (आ)(2)	133645618	17671348	151316966	9.43	132614459	17126285	149740744	9.34	-0.09
	कुल सार्वजनिक शेयरधारिता (आ)= (आ)(1)+(आ)(2)	359192664	17727974	376920638	23.50	359756072	172182911	376938983	23.50	0.00
इ.	**जीडीआर और एडीआर के लिए अभिरक्षक द्वारा धारित शेयर**	0	0	0	0	0	0	0	0	0
	कुल योग (अ+आ+इ)	1586211286	17727974	1603939260	100	1586774694	17182911	1603957605	100	

ii) प्रवर्तकों की शेयरधारिता

क्रम सं.	शेयरधारक का नाम	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता			वर्ष के अंत में शेयरधारिता			
		शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में से गिरवी/ भारग्रस्त शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	कुल शेयरों में से गिरवी/ भारग्रस्त शेयरों का %	वर्ष के दौरान शेयरधारिता में % में बदलाव
1	भारत सरकार	1227018622	76.50	शून्य	1227018622	76.50	शून्य	शून्य

iii) प्रवर्तकों की शेयरधारिता में बदलाव

क्रम सं.		वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
1.	**भारत सरकार**	**शेयरों की सं.**	**बैंक के कुल शेयरों का %**	**शेयरों की सं.**	**बैंक के कुल शेयरों का %**
	वर्ष के आरंभ में	1227018622	76.50	1227018622	76.50
	वर्ष के दौरान प्रवर्तकों की शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अंत में	1227018622	76.50	1227018622	76.50

(iv) दस शीर्ष शेयरधारकों की शेयरधारिता का स्वरूप (निदेशकों, प्रवर्तकों और जीडीआर और एडीआर के धारकों को छोड़कर) :

क्रम सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
1.	भारतीय जीवन बीमा निगम	वर्ष के आरंभ में	94731366	5.91	94731366	5.91
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	94731366	5.91	94731366	5.91
2.	भारतीय जीवन बीमा निगम मार्केट प्लस ग्रोथ फंड	वर्ष के आरंभ में	18261855	1.14	18261855	1.14
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	(706000) 13/06/2014	-	17555855	1.09
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	17555855	1.09	17555858	1.09
3.	भारतीय जीवन बीमा निगम मार्केट प्लस 1 ग्रोथ फंड	वर्ष के आरंभ में	10807213	0.67	10807213	0.67
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	(523527) 13/06/2014	-	10283686	0.64
			(177168) 20/06/2014	-	10106518	0.63
			(800000) 30/06/2014	-	9306518	0.58
			(1137547) 04/07/2014	-	8168971	0.51
			(266734) 11/7/2014	-	7902237	0.49
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	7902237	0.49	7902237	0.49
4.	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक	वर्ष के आरंभ में	10500000	0.65	10500000	0.65
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	10500000	0.65	10500000	0.65
5.	यूनाइटेड इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी लि.	वर्ष के आरंभ में	8057143	0.50	8057143	0.50
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	8057143	0.50	8057143	0.50
6.	भारतीय जीवन बीमा निगम मनी प्लस ग्रोथ फंड	वर्ष के आरंभ में	6869656	0.43	6869656	0.43
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	6869656	0.43	6869656	0.43

क्रम सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
7.	वेनगार्ड इमर्जिंग मार्केट स्टॉक इंडेक्स फंड-ए वेनगार्ड इंटरनेशनल इंडेक्स फंड की श्रृंखला	वर्ष के आरंभ में	5806899	0.36	5806899	0.36
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	-	-	-	-
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	5806899	0.36	5806899	0.36
8.	आशीष रमेशकुमार गोयनका लवीना आशीषकुमार गोयनका	वर्ष के आरंभ में	4401753	0.27	4401753	0.27
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	412000 23/05/2014	-	4813753	0.30
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	4813753	0.30	4813753	0.30
9.	डायमेंशनल इमर्जिंग मार्केट वैल्यू फंड	वर्ष के आरंभ में	4157143	0.26	4157143	0.26
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	38997 04/04/2014	-	4196140	0.26
			29540 11/04/2014	-	4225680	0.26
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	4225680	0.26	4225680	0.26
10.	जीएचआई एलटीपी लि.	वर्ष के आरंभ में	3843812	0.24	3843812	0.24
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	(920564) 06/06/2014	-	- 2923248	- 0.18
			(2923248) 13/06/2014	-	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0

(v) निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों की शेयरधारिता :

क्रम सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
निदेशक						
1.	श्री एम.एस. राघवन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (डीआईएन-05236790)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
2.	श्री बी.के. बत्रा, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 00015732)	वर्ष के आरंभ में	1001	0	1001	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	1001	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	1001	0	1001	0

क्रम सं.		प्रत्येक 10 शीर्ष शेयरधारकों के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचयी शेयरधारिता	
			शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %	शेयरों की सं.	बैंक के कुल शेयरों का %
3.	श्री एम.ओ. रेगो, उप प्रबंध निदेशक (डीआईएन - 00292670)	वर्ष के आरंभ में	460	0	460	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	460	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	460	0	460	0
4.	सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव (डीआईएन - 06478173)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
5.	श्री सुभाष तुली, स्वतंत्र निदेशक (21.07.2014 तक) (डीआईएन -02203423)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
6.	श्री पी.एस. शेनॉय, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00108547)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
7.	श्री एस. रवि, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00009790)	वर्ष के आरंभ में	200	0	200	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	200	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	200	0	200	0
8.	श्री निनाद कर्पे, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 00030971)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
9.	श्री पंकज वत्स, स्वतंत्र निदेशक (डीआईएन - 06712380)	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक						
1.	श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ (04.03.15 से) सदस्यता सं. : A024088	वर्ष के आरंभ में	160	0	160	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	160	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	160	0	160	0
2.	श्री पी. सीताराम, सीएफओ (03.03.15 तक) सदस्यता सं. : A052842	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0
3.	श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव सदस्यता सं. : F7744	वर्ष के आरंभ में	0	0	0	0
		वर्ष के दौरान शेयरधारिता में तारीखवार वृद्धि/ कमी	0	0	0	0
		वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तारीख पर)	0	0	0	0

V. ऋणग्रस्तता

बकाया/ उपचित लेकिन भुगतान के लिए देय नहीं ब्याज सहित बैंक की ऋणग्रस्तता

(₹) '000 में

	जमानती ऋण जमा-राशियों को छोड़कर	गैर-जमानती ऋण	जमाराशियां	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता				
i. मूलधन राशि	107574482	496709675	2357736325	2962020481
ii. बकाया ब्याज जिसका भुगतान नहीं किया गया	0	0	0	0
iii. उपचित ब्याज जो बकाया नहीं है	32483894	42779119	9643219	84906231
कुल (i+ii+iii)	**140058376**	**539488794**	**2367379544**	**3046926712**
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में बदलाव				
• वृद्धि	-	44782566	239675922	273857013
• कमी	-10601475	-	-	
निवल बदलाव				
वित्त वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i. मूलधन राशि	105603868	545397892	2598359739	3249361499
ii. बकाया ब्याज जिसका भुगतान नहीं किया गया	0	0	0	0
iii. उपचित ब्याज जो बकाया नहीं है	23853032	38873467	8695726	71422225
कुल (i+ii+iii)	**129456900**	**584271359**	**2607055465**	**3320783724**

VI. निदेशकों और मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

अ.) प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों और/ या प्रबंधक का पारिश्रमिक :

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रबंध निदेशक/ पूर्णकालिक निदेशक का नाम			कुल राशि (₹)
		श्री एम.एस. राघवन	श्री बी.के. बत्रा	श्री एम.ओ. रेगो	
1.	सकल वेतन				
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन	20,06,720.00	17,83,187.00	17,76,314.00	55,66,221.00
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अधीन परिलब्धियों का मूल्य	1,83,870.00	1,67,991.50	1,22,940.00	4,74,801.50
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के तहत वेतन के स्थान पर लाभ	-	-	-	-
2.	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-	-
3.	स्वेट इक्विटी	-	-	-	-
4.	कमीशन				
	- लाभ के % के रूप में	-	-	-	-
	- अन्य, कृपया उल्लेख करें	-	-	-	-
5	अन्य, कृपया उल्लेख करें (साधारण छुट्टी का नकदीकरण)	22,080.00	9,802.00	4,758.00	36,640.00
	कुल (अ)	**22,12,670.00**	**19,60,980.50**	**19,04,012.00**	**60,77,662.50**
	अधिनियम के अनुसार उच्चतम सीमा[1]				

[1] सरकारी कंपनी होने के कारण प्रत्येक पूर्णकालिक निदेशक भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और उनका पारिश्रमिक भी भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रदत्त पारिश्रमिक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित सीमा के भीतर है.

आ.) अन्य निदेशकों का पारिश्रमिक :

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों का नाम					कुल राशि (₹)
	स्वतंत्र निदेशक	**श्री सुभाष तुली**	**श्री पी.एस. शेनॉय**	**श्री एस. रवि**	**श्री निनाद कर्पे**	**श्री पंकज वत्स**	
	• बोर्ड/समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	50,000	6,05,000	6,00,000	4,75,000	2,95,000	20,25,000
	• कमीशन	-	-	-	-	-	-
	• अन्य, कृपया उल्लेख करें	-	-	-	-	-	-
	कुल	**50,000**	**6,05,000**	**6,00,000**	**4,75,000**	**2,95,000**	**20,25,000**
	कुल (आ)(1)	**20,25,000**					
	अन्य गैर-कार्यपालक निदेशक	सुश्री स्नेहलता श्रीवास्तव					
	• बोर्ड/समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए शुल्क	-					
	• कमीशन	-					
	• अन्य, कृपया उल्लेख करें	-					
	कुल (आ) (2)	-					
	कुल (आ)= (1+2)	**20,25,000**					
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक (अ+आ)	60,77,662.50					
	अधिनियम के अनुसार कुल उच्चतम सीमा [1]						

[1] स्वतंत्र निदेशकों को केवल बैठक शुल्क का भुगतान किया जाता है. सभी गैर-कार्यपालक / स्वतंत्र निदेशक बोर्ड/ समिति की बैठकों में शामिल होने के लिए किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति के पात्र हैं. वित्तीय वर्ष 2014-15 में पारिश्रमिक कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित सीमा के भीतर है.

इ.) प्रबंध निदेशक/ प्रबंधक/ पूर्णकालिक निदेशक के अलावा मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क्रम सं.	पारिश्रमिक का विवरण	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक			कुल राशि (₹)
		श्री एन.एस. वेंकटेश, सीएफओ (04.03.15 से)	**श्री पी. सीताराम, सीएफओ (03.03.15 तक)**	**श्री पवन अग्रवाल, कंपनी सचिव**	
1.	सकल वेतन				
	(क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में दिए गए प्रावधानों के अनुसार वेतन	1,58,600.34	19,81,848.32	17,87,716.31	39,28,164.97
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अधीन परिलब्धियों का मूल्य	18,272.77	5,94,404.34	6,94,583.29	13,07,260.40
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के तहत वेतन के स्थान पर लाभ	-	-	-	-
2.	स्टॉक ऑप्शन	-	-	-	-
3.	स्वेट इक्विटी	-	-	-	-
4.	कमीशन				
	- लाभ के % के रूप में	-	-	-	-
	- अन्य का उल्लेख करें	-	-	-	-
5	अन्य, कृपया उल्लेख करें				
	साधारण छुट्टी का नकदीकरण	-	97,717.00	78,105.00	1,75,822.00
	एलएफसी	-	75,000.00	50,000.00	1,25,000.00
	कुल	**1,76,873.11**	**27,48,969.66**	**26,10,404.60**	**55,36,247.37**

VII. जुर्माना/दंड/ कुल अपराध :

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाया गया जुर्माना/ दंड/ कुल शुल्क का विवरण	प्राधिकारी [आरडी/एनसीएलटी/ कोर्ट]	की गई अपील, यदि कोई हो
अ. कंपनी - आईडीबीआई बैंक लिमिटेड					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
योग			शून्य		
आ. निदेशक					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
योग			शून्य		
इ. चूककर्ता अन्य अधिकारी					
जुर्माना			शून्य		
दंड			शून्य		
योग			शून्य		

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा की गई घोषणा पर प्रकथन

आईडीबीआई बैंक लि. के स्वतंत्र निदेशकों श्री पी.एस. शेनॉय, श्री एस. रवि, श्री निनाद कर्पे और श्री पंकज वत्स ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अनुसार घोषणा की है कि वे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) में उल्लिखित स्वतंत्रता मानदंडों को पूरा करते हैं.

निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक के संबंध में कंपनी की नीति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(3) और (4) के अनुसार बोर्ड ने दिनांक 04 जुलाई 2014 को आयोजित अपनी बैठक में बोर्ड की नामांकन समिति की सिफ़ारिश के आधार पर निदेशक की योग्यता, सकारात्मक विशेषताएं और स्वतंत्रता को निर्धारित करनेवाले मानदंड, निदेशकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा और मूल्यांकन, आदि सहित निदेशकों की नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति तैयार की. इसके अलावा, बोर्ड ने 04 जुलाई 2014 को बोर्ड की पारिश्रमिक समिति की सिफ़ारिश के आधार पर आईडीबीआई बैंक के निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों के लिए पारिश्रमिक नीति तैयार की. उपर्युक्त दोनों नीतियां आईडीबीआई बैंक की वेबसाइट (www.idbi.com) पर प्रदर्शित की गई हैं और इनकी मुख्य विशेषताओं का उल्लेख नीचे किया गया हैः

निदेशकों की नियुक्ति एवं मूल्यांकन नीति का विवरण

निदेशक मंडल का गठन

निदेशक मंडल में निदेशकों की न्यूनतम और अधिकतम संख्या का उल्लेख अंतर्नियम 114(ए) में किया गया है जबकि निदेशक मंडल के गठन का उल्लेख अंतर्नियम 116ए के साथ पठित अंतर्नियम 116(1)(ए) से (ई) के अंतर्गत किया गया है.

निदेशकों की नियुक्ति का तरीका

(1) अंतर्नियम 116 में निदेशक मंडल के गठन संबंधी प्रावधानों के अनुसार अंतर्नियम 116(1)(ए) से 116(1)(डी) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट निदेशकों की नियुक्ति/ नामांकन केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी. केंद्र सरकार द्वारा (i) अंतर्नियम 116(1)(ए) के तहत अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति; (ii) अंतर्नियम 116(1)(बी) के तहत उप प्रबंध निदेशक की नियुक्ति; (iii) अंतर्नियम 116(1)(सी) के तहत निदेशक के रूप में केंद्र सरकार के अधिकारियों के नामांकन; और (iv) अंतर्नियम 116(1)(डी) के तहत व्यावसायिक स्वतंत्र निदेशकों के नामांकन के लिए उपयुक्त अधिसूचना जारी की जाएगी. कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा अंतर्नियम 116(1)(ए) से अंतर्नियम 116(1)(डी) के तहत की गई सभी नियुक्तियों/ नामांकनों को महासभा में शेयरधारकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और उनके द्वारा इसे नोट एवं अनुमोदित किया जाएगा.

(2)(क) अंतर्नियम 116ए के साथ पठित अंतर्नियम 116(1)(ई) के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा अभिनिर्धारित गैर-आवर्तनीय स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति महासभा में शेयरधारकों द्वारा की जाएगी. स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति को अभिनिर्धारित करते समय निदेशक मंडल यह सुनिश्चित करे कि ऐसे व्यक्ति बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 10ए(2), कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(6) और सूचीबद्धता करार के खंड 49 में विनिर्दिष्ट योग्यताएं रखते हों और यह भी कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 और सूचीबद्धता करार के खंड 49, आदि के संबंधित प्रावधानों के तहत निदेशक बनने के लिए अयोग्य न हों.

(ख) निदेशक मंडल द्वारा उपर्युक्तानुसार अभिनिर्धारित किए जाने के बाद कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के तहत दी गई प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए नियुक्ति के अनुमोदन हेतु ऐसे व्यक्तियों की उम्मीदवारी आगामी महासभा में प्रस्तुत की जाएगी, बशर्ते कि स्वतंत्र निदेशक की प्रारंभिक नियुक्ति अतिरिक्त निदेशक के रूप में न हुई हो. सभी शेयरधारक स्वतंत्र निदेशकों के निर्वाचन के लिए पात्र होंगे. स्वतंत्र निदेशकों का प्रारंभिक कार्यकाल लगातार चार वर्ष का होगा जिसे महासभा में एक विशेष संकल्प पारित करके लगातार चार वर्ष के एक और कार्यकाल के लिए बढ़ाया जा सकता है. बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 10ए(2ए) के अनुसार किसी भी स्थिति में कुल अवधि आठ वर्ष से अधिक नहीं हो सकती.

(ग) स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति को अनुमोदन मिलने के बाद इस प्रकार नियुक्त किए गए स्वतंत्र निदेशकों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV में विनिर्दिष्ट विषय-वस्तु के साथ एक औपचारिक नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा.

(घ) अंतर्नियम 116ए(ii) के साथ पठित अंतर्नियम 116(1)(ई) के अनुसार निर्धारित 5 चयनित निदेशकों में एक महिला निदेशक की नियुक्ति की जाएगी, बशर्ते कि अंतर्नियम 116(1)(ए) से अंतर्नियम 116(1)(डी) के अधीन निदेशक मंडल में पहले से ही कोई महिला निदेशक मौजूद न हो.

(ङ) अंतर्नियम 116ए(iii) के अनुसार बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि निदेशक मंडल का कम से कम एक निदेशक पिछले कैलेंडर वर्ष में कम से कम 182 दिन की कुल अवधि के लिए भारत में रहा हो.

(च) स्वतंत्र निदेशक की सविरामी रिक्ति को निदेशक मंडल द्वारा यथाशीघ्र किंतु बोर्ड की तत्कालीन आगामी बैठक तक अथवा इस प्रकार की रिक्ति की तारीख से तीन महीने, जो भी बाद में हो, से पहले भरा जाएगा.

निदेशक मंडल द्वारा निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV (पैरा VIII) और धारा 134(3)(पी) के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र निदेशकों और अन्य सभी एकल निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन निदेशक मंडल द्वारा वित्त वर्ष के अंतिम महीने में वार्षिक रूप से किया जाएगा.

(ii) कार्य-निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर यह निर्धारित किया जाएगा कि स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की अवधि को बढ़ाया अथवा जारी रखा जाए या नहीं.

(iii) निदेशक मंडल द्वारा एकल निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन विनिर्दिष्ट फॉर्मेट वाली मूल्यांकन शीट पर किया जाएगा.

स्वतंत्र निदेशकों द्वारा गैर-स्वतंत्र निदेशकों और अध्यक्ष के कार्य-निष्पादन की समीक्षा

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV (पैरा VII) के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र निदेशक, अस्वतंत्र निदेशकों एवं प्रबंधन के सदस्यों की अनुपस्थिति में एक वार्षिक बैठक आयोजित कर गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा करेंगे.

(ii) स्वतंत्र निदेशक, कार्यपालक निदेशकों और गैर-कार्यपालक निदेशकों के विचारों को ध्यान में रखकर बैंक के अध्यक्ष के कार्य-निष्पादन की भी समीक्षा करेंगे.

(iii) स्वतंत्र निदेशकों द्वारा गैर-स्वतंत्र निदेशकों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा विनिर्दिष्ट फॉर्मेट वाली समीक्षा शीट पर और बैंक के अध्यक्ष के कार्य-निष्पादन की समीक्षा विनिर्दिष्ट फॉर्मेट पर की जाएगी.

पारिश्रमिक नीति का विवरण

I. पृष्ठभूमि

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(3) के अनुसार पारिश्रमिक समिति आईडीबीआई बैंक के निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में नीति बनाएगी और बोर्ड से उसकी सिफ़ारिश करेगी.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(4) के अनुसार उप-खंड(3) के अंतर्गत नीति बनाते समय पारिश्रमिक समिति यह सुनिश्चित करेगी किः

क) पारिश्रमिक का स्तर और संरचना यथोचित और पर्याप्त हो जो कंपनी को सफलतापूर्वक चलाने के लिए अपेक्षित गुणवत्ता वाले निदेशकों को आकर्षित कर सके, बनाए रखे और अभिप्रेरित करे;

ख) कार्य-निष्पादन से पारिश्रमिक का संबंध स्पष्ट और कार्य-निष्पादन के उपयुक्त बेंचमार्क के अनुकूल हो; तथा

ग) निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन के पारिश्रमिक में नियत और प्रोत्साहन राशि के बीच संतुलन हो, जो कंपनी के परिचालन और उसके उद्देश्यों के उपयुक्त अल्पावधि एवं दीर्घावधि कार्य-निष्पादन उद्देश्यों को प्रदर्शित करे.

बशर्ते कि इस प्रकार की नीति का प्रकटन बोर्ड की रिपोर्ट में किया जाए.

II. निदेशकों को पारिश्रमिक

आईडीबीआई बैंक के संस्था अंतर्नियम के अंतर्नियम 116(1)(ए) और (बी) के अनुसार आईडीबीआई बैंक के प्रबंध निदेशक एवं उप प्रबंध निदेशकों (डीएमडी) की नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है. प्रबंध निदेशक एवं उप प्रबंध निदेशकों के वेतनमान और पारिश्रमिक संरचना का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जाता है और इसकी सूचना संबंधित प्रबंध निदेशक एवं उप प्रबंध निदेशकों के साथ-साथ बैंक को भी दी जाती है. भारत सरकार द्वारा इन वेतनमानों और पारिश्रमिक संरचनाओं का निर्धारण सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं पूर्णकालिक निदेशकों के लिए नियत वेतन मानों / पारिश्रमिक संरचनाओं के अनुसरण में इस संबंध में उसके द्वारा अपनाई जाने वाली नीति के आधार पर किया जाता है. आईडीबीआई बैंक के निदेशक मंडल के किसी अन्य निदेशक को उपर्युक्त के अलावा किसी प्रकार के अन्य पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाएगा, केवल बैंक के स्वतंत्र निदेशकों को बोर्ड, कार्यपालक समिति और बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की प्रत्येक बैठक के लिए ₹10,000/- तथा बोर्ड की अन्य समितियों की प्रत्येक बैठक के लिए ₹ 5000/- की दर से बैठक शुल्क का भुगतान किया जाएगा. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए बैठक शुल्क संबंधी इन दरों का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जाता है जिसका अनुमोदन बैंक के निदेशक मंडल द्वारा भी किया जाता है. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर सूचित संशोधन के आधार पर बैठक शुल्क की दरों को संशोधित किया जाएगा. बैठक शुल्क के अलावा, बोर्ड और बोर्ड की समिति की बैठकों में भाग लेने वाले गैर-स्थानीय निदेशकों की यात्रा, वाहन और रहने की व्यवस्था पर होने वाले खर्च का वहन भी आईडीबीआई बैंक द्वारा किया जाएगा.

III. मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों को पारिश्रमिक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(51) के अनुसार कंपनी के संबंध में मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का अभिप्राय हैः

(i) सीईओ अथवा प्रबंध निदेशक;

(ii) पूर्णकालिक निदेशक;

(iii) कंपनी सचिव;

(iv) मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ); और

(v) इस प्रकार के अन्य अधिकारी, जो भी निर्धारित हो

ऊपर (i) और (ii) में प्रबंध निदेशक और पूर्णकालिक निदेशक से संबंधित पारिश्रमिक नीति इस नीति के पैरा II के अंतर्गत दी गई है. मुख्य वित्त अधिकारी और कंपनी सचिव संबंधी पदों पर आईडीबीआई बैंक के ही संवर्ग अधिकारी कार्यरत हैं और उनका वेतनमान एवं पारिश्रमिक संरचना आईडीबीआई बैंक द्वारा अन्य समांतर संवर्ग के अधिकारियों को दिए जाने वाले वेतनमान और पारिश्रमिक संरचना के बराबर होगी तथा इसका निर्धारण बैंक द्वारा इस संबंध में निदेशक मंडल और भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करके किया जाएगा जैसा कि सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंकों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रथा/ प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है.

IV. अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पारिश्रमिक

आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतनमान एवं पारिश्रमिक संरचना का निर्धारण आईडीबीआई बैंक द्वारा संबंधित कर्मचारी संघों के साथ हुए समझौते के आधार पर तथा इस संबंध में सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंकों द्वारा अपनाई जाने वाली समान प्रथा/ प्रक्रिया के अनुसार निदेशक मंडल और भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद किया जाएगा.

V. महासभा में पारिश्रमिक समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178(7) की अपेक्षाओं के अनुसार अध्यक्ष अथवा उनकी अनुपस्थिति में पारिश्रमिक समिति के किसी अन्य सदस्य (जिसे अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत माना जाएगा) को वार्षिक महा सभा सहित बैंक की महासभाओं में उपस्थित रहना होगा.

लेखापरीक्षकों अथवा सचिवालयीन लेखा-परीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्ट में की गई प्रत्येक क्वालिफिकेशन, निग्रह अथवा प्रतिकूल टिप्पणी अथवा खंडन पर बोर्ड की टिप्पणी

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एफ) के अनुसार लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट अथवा सचिवालयीन लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट में से किसी में भी कोई ऐसी क्वालिफिकेशन, निग्रह अथवा प्रतिकूल टिप्पणी अथवा खंडन नहीं है जिस पर बोर्ड की टिप्पणी की आवश्यकता हो.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी अथवा निवेश के विवरण

बैंकिंग कंपनी होने के कारण ऋण, गारंटी अथवा निवेश से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान आईडीबीआई बैंक पर लागू नहीं हैं.

निर्धारित फॉर्म पर संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार के विवरण

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(एच) के अनुसार संबंधित पक्षकारों के साथ संविदा अथवा करार, यदि कोई हो, के विवरण निर्धारित फॉर्म एओसी-2 में नीचे दिए गए हैं :

एओसी-2

[अधिनियम की धारा 134 की उप-धारा (3) के खंड (एच) तथा कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(2) के अनुसरण में]

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उप-धारा (1) में उल्लिखित संबंधित पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा तृतीय परंतुक के अंतर्गत कुछ स्वतंत्र संव्यवहारों सहित की गई संविदाओं/ करारों के विवरणों के प्रकटन हेतु फॉर्म

i. स्वतंत्र संव्यवहार आधार के न होते हुए की गई संविदाओं अथवा करारों अथवा संव्यवहारों के विवरण

क्रम सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार की अवधि	मूल्य सहित संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार की प्रमुख शर्तें, यदि कोई हों	इस प्रकार की संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार करने का औचित्य	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख	अग्रिम के रूप में चुकाई गई राशि, यदि कोई हो	धारा 188 के प्रथम परंतुक की अपेक्षा अनुसार महा सभा में विशेष संकल्प पारित होने की तारीख
				शून्य				

ii. स्वतंत्र संव्यवहार आधार पर की गई मूर्त संविदाओं अथवा करारों अथवा संव्यवहारों के विवरण

क्रम सं.	संबद्ध पक्षकार का नाम और संबंध का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार का स्वरूप	संविदा/ करार/ संव्यवहार की अवधि	मूल्य सहित संविदा अथवा करार अथवा संव्यवहार की प्रमुख शर्तें, यदि कोई हों	बोर्ड द्वारा अनुमोदन की तारीख (खों), यदि कोई हो	अग्रिम के रूप में चुकाई गई राशि, यदि कोई हो
			शून्य			

ह./-
एम.एस. राघवन
(डीआईएन - 05236790)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
23 अप्रैल 2015

जोखिम प्रबंध नीति के विकास और कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में विवरण

बैंक एक विस्तृत एवं व्यापक जोखिम प्रबंधन प्रणाली का पालन करता है जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार अद्यतन किया जाता है. बोर्ड की एक समर्पित जोखिम प्रबंधन समिति बैंक के जोखिम पहलुओं की नियमित रूप से समीक्षा करती है जिसमें बैंक में बासेल III मानदंडों को लागू करना भी शामिल है. बैंक का निदेशक मंडल भी आवधिक रूप से जोखिम मूल्यांकन तथा बैंक द्वारा पालन की जा रही न्यूनीकरण प्रक्रिया एवं बासेल III मानदंडों के तहत बैंक की पूंजी अपेक्षाओं की समीक्षा करता है.

वर्ष के दौरान सीएसआर नीति तथा उसे लागू करने संबंधी विवरण

कंपनी (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियमावली, 2014 के तहत अनुबंध में दिए गए फॉर्मेट संबंधी विवरण निम्नलिखित हैंः

सीएसआर की वार्षिक रिपोर्ट

1. **प्रस्तावित परियोजनाएं अथवा कार्यक्रमों की पुनरीक्षा सहित बैंक की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा तथा सीएसआर नीति एवं परियोजनाएं व कार्यक्रमों के वेब-लिंक का संदर्भ.**

   बैंक की सीएसआर नीति का उद्देश्य समाज के सुविधा वंचित वर्ग के लिए मूर्त, दृश्य तथा स्थायी बदलाव लाने एवं व्यापक रूप से समाज के कल्याण के लिए निरंतर सकारात्मक सहयोग देने की इच्छा से संचालित है. इससे उभरने वाली बैंक की सीएसआर नीति तथा पहलों का निर्माण लक्ष्य समुदाय के संपूर्ण विकास पर ध्यान देकर हमारे कारोबार तथा समाज के लिए दीर्घकालीन सामाजिक तथा आर्थिक मूल्य का सृजन करने के लिए किया गया है.

   अतः बैंक की सीएसआर नीति ने अन्य बातों के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा, लैंगिक समानता जैसे क्षेत्रों की मध्यस्थता करने तथा सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण, पर्यावरणीय स्थायित्व एवं ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए प्लेटफॉर्म प्रदान किया है.

   बैंक की सीएसआर नीति तथा परियोजनाएं अथवा कार्यक्रमों की वेब-लिंक http://www.idbi.com/CSR-Policy.asp है.

2. सीएसआर समिति की संरचना: सीएसआर समिति की संरचना निम्न तालिका में दी गई है:

क्रम सं.	निदेशक	पदनाम
1.	श्री एम. एस. राघवन	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2.	श्री बी. के. बत्रा	उप प्रबंध निदेशक
3.	श्री एम. ओ. रेगो	उप प्रबंध निदेशक
4.	श्री निनाद कर्पे	स्वतंत्र निदेशक
5.	श्री पंकज वत्स	स्वतंत्र निदेशक

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक का औसत निवल लाभ: पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक का औसत निवल लाभ ₹ 1,314.55 करोड़ है.

4. निर्धारित सीएसआर व्यय (उपर्युक्त मद सं. 3 की राशि का दो प्रतिशत): वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए वहन किया जाने वाला सीएसआर व्यय ₹ 26.29 करोड़ है. (अर्थात् औसत निवल लाभ का 2%, जो कि कर का निवल है परंतु इसमें भारत के बाहर की शाखाओं के लाभ की गणना नहीं की जाएगी, चाहे अलग कंपनी के रूप में या अन्यथा परिचालित हों तथा भारत में अन्य कंपनियों से प्राप्त लाभांश जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों से अधिनियम की धारा 135 के प्रावधानों में शामिल हैं तथा उनका अनुपालन करते हैं)

5. वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर व्यय का विवरण :

(क) वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि: सीएसआर के तहत वित्तीय वर्ष में व्यय की जाने वाली कुल राशि ₹ 26.29 करोड़ है.

(ख) व्यय न की गई राशि, यदि हो: सीएसआर के तहत ₹ 2.85 करोड़ का व्यय नहीं किया गया था.

(ग) वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की गई राशि का विवरण निम्नलिखित है:

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय		
1	लाल बिहारी शाह ब्रेल अकादमिया के ब्रेल प्रेस तथा पुस्तकालय का विस्तार	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	3,62,800	3,62,800	0	3,62,800	ब्लाइंड पर्सन्स असोसिएशन, कोलकाता
2	मानसिक रूप से अशक्त लोगों के लिए आवासीय देखभाल गृह तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के लिए निधियों का प्रायोजन	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	50,00,000	50,00,000	0	50,00,000	आरोग्य संधान, कोलकाता

1	2	3	4		5	6		7	8
क्रम सं.	**निर्धारित सीएसआर परियोजना अथवा कार्यकलाप**	**क्षेत्र जिसके तहत परियोजना कवर की गई है**	**परियोजनाएं अथवा कार्यक्रम**		**राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम वार (₹ में)**	**परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि उप-शीर्ष (₹ में)**		**रिपोर्टिंग अवधि तक संचयी व्यय (₹ में)**	**प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से व्यय की गई राशि**
			(1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य	(2) राज्य व जिला निर्दिष्ट करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम किए गए		(1) परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों पर प्रत्यक्ष व्यय	(2) अतिरिक्त व्यय		
3	पटना, बिहार में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबके के विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम आवासीय स्कूल भवन के निर्माण में आंशिक निधियन.	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	अन्य	पटना, बिहार	50,00,000	50,00,000	0	50,00,000	शोषित सेवा संघ, पटना
4	बाढ़ग्रस्त स्याबा (उत्तरकाशी) तथा दामर (रुद्रप्रयाग) के समुदायों की पहचान करने, अपनाने पुनर्वास तथा पुनःस्थापित करने के लिए आधारभूत सर्वेक्षण कार्य	ग्रामीण विकास परियोजनाएं	अन्य	उत्तरकाशी तथा रुद्रप्रयाग, उत्तराखंड	5,88,000	5,88,000	0	5,88,000	बिन्दु सोसाइटी, देहरादून
5	निर्माण कर्मियों के बच्चों को शिक्षा, पोषण तथा स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मोबाइल क्रेश के कार्यक्रमों को सहायता देना	शिक्षा तथा जीविका वर्धन को बढ़ावा देना	स्थानीय	मुंबई, महाराष्ट्र	7,83,360	3,99,360	0	7,83,360	मुंबई मोबाइल क्रेश, मुंबई
समेकित वित्तीय विवरणों में लेखांकन मानक (एएस)-21 'समेकित वित्तीय विवरण', लेखांकन मानक लेखा मानक 23 'समेकित वित्तीय विवरणों में सहयोगी संस्थाओं में निवेश के लिए लेखांकन' और लेखा मानक 27 'संयुक्त उद्यमों में हित के बारे में वित्तीय रिपोर्टिंग' में परिभाषित किये अनुसार आईडीबीआई बैंक लि. (मूल कंपनी-''बैंक'') और इसकी सभी सहायक संस्थाओं / सहयोगी संस्थाओं / संयुक्त उद्यमों के लेखे शामिल हैं. समेकन में प्रयुक्त सहायक संस्थाओं / सहयोगी संस्थाओं / संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण उसी रिपोर्टिंग तारीख तक तैयार किये गये हैं जिस तारीख तक अर्थात् 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के वित्तीय विवरण तैयार किये गये हैं.

The consolidated financial statements include the accounts of IDBI Bank Limited (parent company – 'the Bank') and all its Subsidiaries/ Associate/ Joint Venture/ as defined in Accounting Standard (AS)-21 'Consolidated Financial Statements', Accounting Standard 23 'Accounting for Investments in Associates in Consolidated Financial Statements' and Accounting Standard 27 `Financial Reporting of Interests in Joint Ventures'. The financial statements of the Subsidiaries/ Associate/ joint venture used in the consolidation are drawn upto the same reporting date as that of the Bank i.e. year ended March 31, 2015.

बैंक के वित्तीय विवरणों को निम्न के साथ मिलाया गया हैः (क) इसकी सहायक संस्थाओं की आस्तियों, देयताओं, आय और व्यय जैसी मदों के बही-मूल्यों को पंक्ति-दर-पंक्ति आधार पर जोड़कर, (ख) इसके संयुक्त उद्यम की आस्तियों, देयताओं, आय और व्यय जैसी मदों के आनुपातिक बही-मूल्यों को पंक्ति-दर-पंक्ति आधार पर समेकित कर. समेकन पर अंतःसमूह लेन-देन हटा दिए गये हैं.

The financial statements of the Bank have been combined with: (a) its subsidiaries on a line by line basis by adding the Book Values of like items of assets, liabilities, income & expenses, (b) its Joint Venture on a line by line basis by consolidating the proportionate Book Values of like items of assets, liabilities, income & expenses. Intra Group transactions have been eliminated on consolidation.

सहायक संस्थाओं में मूल संस्था के निवेश की लागत तथा सहायक संस्थाओं की इक्विटी में मूल संस्था के हिस्से के अंतर को वित्तीय विवरणों में साख/पूंजी रिज़र्व के रूप में दर्शाया गया है.

The difference between cost to the parent of its investment in the subsidiaries and the parent's portion of the equity of the subsidiaries is recognised in the financial statements as goodwill/ capital reserve.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

समेकित सहायक संस्थाओं की निवल आस्तियों में अल्पसंख्यक हित के अंतर्गत निम्नलिखित शामिल हैं:
Minority interest in the Net Assets of the consolidated subsidiaries consists of:

(क) सहायक संस्था में निवेश की तारीख को अल्पसंख्यकों से संबंधित इक्विटी राशि; तथा

(a) The amount of equity attributable to the minorities at the date on which investment in a subsidiary is made; and

(ख) मूल संस्था- सहायक संस्था के संबंधों के अस्तित्व में आने के बाद से इक्विटी में अल्पसंख्यकों के शेयरों का घट-बढ़.

(b) The minorities' share of movements in equity since the date the parent-subsidiary relationship came into existence.

समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल की गई संस्थाएं निम्नलिखित हैं:
The entities considered in the consolidated financial statements are:

क्र. सं. Sr. No.		कंपनी का नाम Name of the company	निगमन देश Country of Incorporation	निम्न तारीख को स्वामित्व हित का % % of ownership interest as at	
				31 मार्च 2015 March 31, 2015	31 मार्च 2014 March 31, 2014
अ) A)		वित्तीय सहायक संस्थाएं: Financial Subsidiaries:			
	1)	आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. IDBI Capital Market Services Ltd.	भारत / India	100	100
	2)	आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी लि. IDBI Asset Management Company Ltd.	भारत / India	100	100
आ) B)		गैर-वित्तीय सहायक संस्थाएं: Non Financial Subsidiary:			
	1)	आईडीबीआई इंटेक लिमिटेड IDBI Intech Ltd.	भारत / India	100	100
	2)	आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. IDBI MF Trustee Company Ltd.	भारत / India	100	100
	3)	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. IDBI Trusteeship Services Ltd.	भारत / India	54.70	54.70
इ) C)		जीवन बीमा संयुक्त उद्यम: Life Insurance Joint Venture:			
	1)	आईडीबीआई फेडरल लाइफ इन्श्योरेंस कंपनी लि. IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.	भारत / India	48	48

3. अनुमानों का उपयोग / Use of Estimates:

वित्तीय विवरण तैयार करने हेतु प्रबंधन के लिए यह जरूरी है कि वह ऐसे अनुमान एवं धारणाएं बनाए जो वित्तीय विवरणों की तारीख को दर्शायी गई आस्तियों, देयताओं, व्ययों, आय की राशि और आकस्मिक देयताओं के प्रकटीकरण को प्रभावित करें. प्रबंधन को विश्वास है कि ये अनुमान एवं धारणाएं तर्कपूर्ण और विवेकपूर्ण हैं. तथापि, वास्तविक परिणाम अनुमानों से अलग हो सकते हैं. लेखा अनुमानों में किसी भी तरह के संशोधन को चालू तथा भावी अवधियों में भविष्यलक्षी प्रभाव से हिसाब में लिया जाता है.

The preparation of financial statements requires the management to make estimates and assumptions that affect the reported amount of assets, liabilities, expenses, income and disclosure of contingent liabilities as at the date of the financial statements. Management believes that these estimates and assumptions are reasonable and prudent. However, actual results could differ from estimates. Any revision to accounting estimates is recognised prospectively in current and future periods.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

4. **राजस्व निर्धारण / Revenue Recognition:**

राजस्व का निर्धारण इस अधिसंभाव्य सीमा के तहत किया जाता है कि समूह को आर्थिक लाभ मिले तथा राजस्व का विश्वसनीय रूप से मापन किया जा सके.
Revenue is recognised to the extent it is probable that the economic benefits will flow to the Group and the revenue can be reliably measured.

i. ब्याज आय की गणना उपचय आधार पर की जाती है, जबकि अनर्जक आस्तियों के मामले में रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार वसूली के बाद गणना की जाती है.
Interest income is recognised on accrual basis except in the case of Non Performing Assets where it is recognised upon realisation as per the prudential norms of RBI.

ii. साख पत्र (एलसी)/बैंक गारंटी (बीजी) पर कमीशन साख पत्र/बैंक गारंटी की अवधि के दौरान उपचित होता है.
Commissions on Letter of Credit (LC)/Bank Guarantee (BG) are accrued over the period of LC/ BG.

iii. शुल्क आधारित आय को प्राप्ति की सुनिश्चितता के आधार पर उपचित किया जाता है तथा यह ग्राहक के साथ करार की शर्तों के अनुसार कार्य की प्रगति पर आधारित होती है.
Fee-based Income are accrued on certainty of receipt and is based on milestones achieved as per terms of agreement with the client.

iv. बट्टाकृत लिखतों पर आय को निरंतर प्रतिफल आधार पर लिखत की अवधि के अनुसार निर्धारित किया जाता है.
Income on discounted instruments is recognised over the tenor of the instrument on a constant yield basis.

v. लाभांश की प्राप्ति का अधिकार सिद्ध हो जाने पर लाभांश की गणना उपचय आधार पर की जाती है.
Dividend is accounted on an accrual basis when the right to receive the same is established.

vi. अग्रिमों के मामले में वसूली का विनियोजन ऋण करार / पुनर्संरचना पैकेज में विनिर्दिष्ट विनियोजन के क्रम के अनुसार किया जाता है.
In case of advances, recovery is appropriated as per the order of appropriation specified in the loan agreement / restructuring package.

vii. आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में / In case of IDBI Capital Market Services Ltd -

क. कूपन दर वाली ऋण प्रतिभूतियों की एकमुश्त आधार पर खरीद अथवा बिक्री पर प्रदत्त अथवा प्राप्त कुल प्रतिफल को मुख्य प्रतिफल और उपचित ब्याज के रूप में अलग से निर्धारित किया जाता है. ऐसी प्रतिभूतियों की खरीद पर निवल ब्याज के रूप में प्रदत्त राशि तथा बिक्री पर प्राप्त राशि की निवल आधार पर गणना की जाती है और उसे ब्याज के जरिए व्यय अथवा आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.

a. Total consideration paid or received on purchase or sale, on outright basis, of coupon-bearing debt securities is identified separately as principal consideration and accrued interest. Amount paid as accrued interest on purchase, and received on sale, of such securities is netted and reckoned as expense or income by way of interest.

ख. तुलन पत्र तारीख को धारित नियत कूपन दर वाली ऋण प्रतिभूतियों पर ब्याज खंडित अवधि के लिए कूपन दर पर उपचित होता है. अस्थिर दर प्रतिभूतियों पर ब्याज निर्गम की शर्तों के अनुसार निर्धारित दरों पर उपचित होता है.

b. Interest on fixed coupon debt securities, held as on the Balance Sheet date, is accrued for the broken period at the coupon rate. Interest on floating rate securities is accrued at rates determined as per the terms of the issue.

ग. निवेशों की बिक्री पर लाभ का निर्धारण निपटान की तारीख को होता है. यह अर्जन लागत पर बिक्री/मोचन आय का आधिक्य दर्शाता है. लागत का निर्धारण भारित औसत आधार पर किया जाता है. निवेशों की बिक्री पर लाभ की गणना निवेशों की बिक्री पर हुई हानि को समायोजित कर की जाती है.

c. Profit on Sale of Investments is recognised on the settlement date. It represents the excess of Sale / Redemption proceeds over the acquisition cost. Cost is determined on a weighted average basis. Profit on sale of Investments is netted with loss on sale of Investments.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

घ. कंपनी द्वारा हामीदारी दिए गए निर्गमों के संदर्भ में इक्विटी शेयरों के न्यागमन को निवेश माना जाता है. इन निर्गमों पर हामीदारी आय को लाभ-हानि लेखे में जमा किया जाता है और इन्हें निवेशों के मूल्य के प्रति समायोजित नहीं किया जाता.

d. Development of equity shares in respect of issues underwritten by the company are treated as Investments. Underwriting income on these issues are credited to Profit and Loss Account and not netted against the value of Investments.

ङ. सेकंडरी मार्केट परिचालनों पर अर्जित दलाली और कमीशन को क्रय-विक्रय की तारीखों के आधार पर निर्धारित किया जाता है. ऑनलाइन पोर्टल परिचालनों पर दलाली को क्रय-विक्रय की तारीखों के आधार पर निर्धारित किया जाता है. निर्गम की मार्केटिंग और संसाधन संग्रहण के संबंध में दलाली और कमीशन, सूचना की उपलब्धता की सीमा तक उपचित है. डिपॉजिटरी, पोर्टफोलियो प्रबंधन, निवेश बैंकिंग और अन्य शुल्कों को उपचय आधार पर हिसाब में लिया गया है. राजस्व में सेवा कर, जहां भी वसूल किया गया है, शामिल नहीं है.

e. Brokerage and commission earned on secondary market operations is recognised on the basis of trade dates. Brokerage on online portal operations is recognised on the basis of trade dates. Brokerage and commission in respect of issue marketing and resource mobilization are accrued to the extent of availability of information. Depository, Portfolio Management, Investment Banking and Other Fees are accounted for on accrual basis. Revenue excludes Service Tax, wherever recovered.

viii. आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में, निवेश प्रबंधन शुल्क का निर्धारण उपचित आधार पर आईडीबीआई म्यूचुअल फंड की योजनाओं की दैनिक औसत निवल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में उपचय आधार पर सेवा कर को घटाकर इस प्रकार किया जाता है कि यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 1996 (विनियमन) तथा अन्य कोई संशोधन अथवा संबंधित योजनाओं के ऑफर डॉक्युमेंट में विनिर्दिष्ट दरों से अधिक न होने पाए.
In case of IDBI Asset Management Ltd., Investment Management fees are recognised net of Service Tax on an accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India (‘SEBI’) (Mutual Fund) Regulations, 1996 (the ‘Regulations’) and any other amendments or offer document of the respective schemes.

ix. आईडीबीआई एमएफ ट्रस्टी कंपनी लि. के मामले में / In case of IDBI MF Trustee Company Ltd.,

क) ट्रस्टीशिप शुल्क का निर्धारण उपचित आधार पर आईडीबीआई म्यूचुअल फंड की योजनाओं की दैनिक औसत निवल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में उपचय आधार पर इस प्रकार किया जाता है कि यह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 1996 (विनियमन) तथा अन्य कोई संशोधन अथवा संबंधित योजनाओं के ऑफर डॉक्युमेंट में विनिर्दिष्ट दरों से अधिक न होने पाए.

a) Trusteeship fees are recognised on an accrual basis as a percentage of the average daily net assets of the schemes of IDBI Mutual funds, such that it does not exceed the rates prescribed by the Securities and Exchange Board of India (‘SEBI’) (Mutual Fund) Regulations, 1996 (the ‘Regulations’) and any other amendments or offer document of the respective schemes.

ख. आईडीबीआई म्यूचुअल फंड की योजनाओं के व्यय भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) (म्यूचुअल फंड) विनियमन, 1996 द्वारा विनिर्दिष्ट की गई सीमा से अधिक होने पर अतिरिक्त व्यय की राशि कंपनी वहन करेगी तथा इसे लाभ-हानि लेखे में प्रभारित किया जाएगा.

b) Expenses of the scheme of IDBI Mutual Fund in excess of the limits prescribed by the Securities and Exchange Board of India (Mutual Fund) Regulations Act 1996 are required to be borne by the Company as per the said regulations and as such are charged to the, Profit and Loss Account.

x. आईडीबीआई इंटेक लि. के मामले में समय तथा तात्विक आधार पर मूल्य निर्धारित संविदाओं से प्राप्त राजस्व को उस समय हिसाब में लिया जाता है जब सेवाएं प्रदान की जाती हैं और संबंधित लागत उपगत किए जाते हैं. उत्पादों की बिक्री से राजस्व को कार्य की प्रगति के आधार पर तथा सहमत शर्तों के अनुसार माल के स्वामित्व के अंतरण पर हिसाब में लिया जाता है. वार्षिक तकनीकी सेवा राजस्व को प्रदान की गई सेवाओं की अवधि के दौरान आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया जाता है. राष्ट्रीय संविदा केंद्र से प्राप्त राजस्व को बिक्री की पुष्टि प्राप्त होने पर हिसाब में लिया जाता है. ब्याज से राजस्व का निर्धारण बकाया राशि और लागू दर को ध्यान में रखते हुए समय अनुपात आधार पर किया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

In case of IDBI Intech Ltd., revenue from contracts priced on time and material basis are recognised when services are rendered and related costs are incurred. Revenue from sale of products is recognised on achievement of milestone basis and transfer of property of goods as per agreed terms. Annual Technical Services Revenue is recognised proportionately over the period in which the services are rendered. Revenue from National Contact Centre is recognised upon receipt of confirmation of sales. Revenue from Interest is recognised as a time proportion basis taking into account the amount outstanding and rate applicable.

xi. आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लि. के मामले में, कंपनी अपना राजस्व स्वीकृति शुल्कों, सेवा प्रभारों, दस्तावेजीकरण प्रभारों, लॉकर किराए और बैंक फिक्स्ड डिपॉजिटों, सरकारी प्रतिभूतियों, पीएसयू बांडों में निवेशों से अर्जित आय से प्राप्त करती है जिसकी गणना उपचय आधार पर की जाती है.
In case of IDBI Trusteeship Services Ltd., the Company derives its revenue from Acceptance Fees, Service Charges, Documentation Charges, Locker Rentals and Income from Investments in Bank Fixed Deposit, Government Securities, PSU Bonds which are accounted for on accrual basis.

यदि बकाया देय राशियां अगले दो वित्तीय वर्षों की समाप्ति तक वसूल नहीं की जाती हैं, तो समनुदेशनों को अनियमित समनुदेशनों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. इस प्रकार के अनियमित समनुदेशनों की आय प्राप्ति के वर्ष में ही गणना में ली जाती है. इस प्रकार के किसी अनियमित समनुदेशनों पर पूर्व वर्ष की कोई बकाया राशि जो ऐसे निर्धारण के वर्ष में अशोध्य ऋण के रूप में बट्टे खाते डाल दी गई हो, यदि वह चालू वर्ष में आय के रूप में उपचित हो जाती हो, तो उसे रिवर्स कर दिया जाता है.

Assignments are to be classified as irregular assignments if any outstanding dues are not recovered till the end of next two financial years. Income in respect of such irregular assignments is accounted for in the year of receipt. Any previous year's amount outstanding against, such irregular assignments are written off as bad debt in year of such determination and current year income accrued, if any, is reversed.

जब अंतिम वसूली अनिश्चित हो, तो अन्य ऋणों को अशोध्य व बट्टे खाते डाला गया समझा जाता है.
Other Debts are considered as bad and written-off when ultimate realisation is uncertain.

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.
Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd

(i) **प्रीमियम आय / Premium Income:**

गैर-संबद्ध कारोबार के लिए, प्रीमियम (सेवा कर घटाकर) को देय होने पर आय के रूप में अभिनिर्धारित किया जाता है. व्यपगत पॉलिसियों के प्रीमियम को इन पॉलिसियों के फिर से सक्रिय होने पर आय के रूप में हिसाब में लिया जाता है.
For non-linked business, premium (net of service tax) is recognised as income when due. Premium on lapsed policies is recognised as income when such policies are reinstated.

गैर-संबद्ध परिवर्ती बीमा कारोबार के लिए प्रीमियम को प्राप्ति तारीख पर आय माना जाता है.
For non-linked variable insurance business, premium is recognised as income on the date of receipt.

संराशीकृत प्रीमियम को संराशीकरण वर्ष में देय माना जाता है और उसे नवीकरण प्रीमियम माना जाता है.
Commuted premium is considered as due in the year of commutation and is considered as renewal premium.

टॉप अप प्रीमियम को एकल प्रीमियम माना जाता है.
Top up premiums are considered as single premium.

संबद्ध कारोबार के लिए, संबद्ध यूनिटों के आबंटन पर प्रीमियम को आय माना जाता है.
For linked business, premium is recognised as income when the associated units are allotted.

(ii) **संबद्ध निधि से आय / Income from Linked fund:**

संबद्ध निधियों से आय जिसमें निधि प्रबंधन प्रभार, नीति प्रशासन प्रभार, बीमा की लागत आदि शामिल हैं, को बीमा पॉलिसी के निबंधन एवं शर्तों के अनुसार संबद्ध निधि से वसूला जाता है और उपचय आधार पर हिसाब में लिया जाता है.
Income from linked funds which includes fund management charges, policy administration charges, cost of insurance, etc. are recovered from the linked fund in accordance with terms and conditions of policy and are accounted on accrual basis.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

(iii) **निवेशों पर अर्जित आय / Income Earned on Investments:**

निवेशों पर ब्याज आय को उपचय आधार पर निर्धारित किया जाता है. बट्टे का उपचय और ऋण प्रतिभूतियों से संबद्ध प्रीमियम के परिशोधन का निर्धारण सीधी-रेखा आधार पर धारिता / परिपक्वता अवधि के बाद किया जाता है.
Interest income on investments is recognised on accrual basis. Accretion of discount and amortisation of premium relating to debt securities is recognised over the holding/maturity period on a straight-line basis.

लाभांश की प्राप्ति का अधिकार सिद्ध हो जाने पर लाभांश आय का निर्धारण किया जाता है.
Dividend Income is recognised when the right to receive dividend is established.

संबद्ध कारोबार के अलावा ऋण प्रतिभूतियों की बिक्री पर लाभ या हानि, निवल बिक्री प्रतिफल व परिशोधन लागत के बीच का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है.
Profit or loss on sale of debt securities for other than linked business is the difference between the net sale consideration and the amortised cost, which is computed on a weighted average basis, as on the date of sale.

संबद्ध कारोबार के अलावा इक्विटी शेयरों व म्यूचुअल फंड यूनिटों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री प्रतिफल व उसकी रखाव राशि का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है तथा इसमें पूर्व में "उचित मूल्य परिवर्तन खाते" के अंतर्गत निर्धारित उचित मूल्य के संचयी परिवर्तनों को शामिल किया जाता है.
Profit or Loss on sale of equity shares and mutual funds units for other than linked business is the difference between the net sale consideration and the carrying amount, which is computed on weighted average basis, as on the date of sale and includes the accumulated changes in the fair value previously recognised under “Fair Value Change Account”.

संबद्ध कारोबार के लिए धारित निवेशों की बिक्री पर लाभ या हानि निवल बिक्री प्रतिफल व उसकी रखाव राशि का अंतर होता है, जिसकी गणना बिक्री की तारीख के अनुसार औसत भारित आधार पर की जाती है.
Profit or loss on sale of investment held for linked business is the difference between the net sale consideration and the carrying amount, which is computed on a weighted average basis, as on the date of sale.

(iv) **पुनर्बीमा प्रीमियम / Reinsurance premium:**

पुनर्बीमा की लागत पुनर्बीमाकर्ता के साथ हुए समझौते या सिद्धांततः व्यवस्था के अनुसार प्रीमियम आय का निर्धारण करते समय हिसाब में ली जाती है. किए गए पुनर्बीमा पर लाभ या कमीशन को पुनर्बीमा पर दिए गए प्रीमियम में से घटाया जाता है.
Cost of reinsurance ceded is accounted for at the time of recognition of premium income in accordance with the treaty or in-principle arrangement with the reinsurer. Profit or commission on reinsurance ceded is netted off against premium ceded on reinsurance.

(v) **अर्जन लागत / Acquisition Costs:**

अर्जन लागतें ऐसी लागतें होती हैं जो भिन्न-भिन्न होती हैं और प्राथमिक रूप से बीमा संविदा के अर्जन से जुड़ी होती हैं तथा ये उसी अवधि में व्यय की जाती हैं, जिस अवधि में उपगत होती हैं.
Acquisition costs are costs that vary with and are primarily related to acquisition of insurance contracts and are expensed in the period in which they are incurred.

(vi) **प्रदत्त लाभ / Benefits Paid:**

प्रदत्त लाभ में पॉलिसी लाभ तथा दावा निपटान लागत, यदि कोई हो, शामिल है.
Benefits paid comprise of policy benefits and claim settlement costs, if any.

मृत्यु, राइडर एवं अभ्यर्पण दावे सूचना मिलने के बाद हिसाब में लिए जाते हैं. उत्तरजीविता लाभ दावे व परिपक्वता दावे देय होने पर हिसाब में लिए जाते हैं.
Death, rider and surrender claims are accounted for on receipt of intimation. Survival benefit claims and maturity claims are accounted when due.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत किए गए आहरण एवं अभ्यर्पण सहबद्ध यूनिटों के निरस्त होने पर संबंधित योजनाओं में हिसाब में लिए जाते हैं.

Withdrawals & surrenders under linked policies are accounted in the respective schemes when the associated units are cancelled.

दावों पर पुनर्बीमा वसूलियां संबंधित दावों की अवधि में ही हिसाब में ली जाती हैं.

Reinsurance recoveries on claims are accounted for in the same period as the related claims.

(vii) **बीमांकिक देयता मूल्यांकन / Actuarial liability valuation:**

जीवन बीमा के मामले में प्रवर्तनशील बीमा पॉलिसियों के संबंध में तथा ऐसी पॉलिसियों के संबंध में जहाँ प्रीमियम तो जारी नहीं है, लेकिन देयता विद्यमान है, उनके संबंध में बीमांकिक देयता का निर्धारण नियुक्त बीमांकक द्वारा स्वीकार्य बीमांकक प्रथाओं, बीमा अधिनियम, 1938, इरडा विनियमन व भारतीय बीमांकक संस्थान के बीमांकक प्रथा मानकों की अपेक्षाओं के अनुरूप सकल प्रीमियम पद्धति से किया जाता है. संबद्ध पॉलिसियों के अंतर्गत देयताएं यूनिटों के मूल्य व मृत्यु एवं रुग्णता जोखिमों के संबंध में भावी गैर-यूनिट रिज़र्व का योग करने के बाद पॉलिसी प्रभार घटाकर निकाली जाती हैं.

Actuarial liability for life policies in force and for policies in respect of which premium has been discontinued but a liability exists, is determined by the Appointed Actuary using the Gross Premium method, in accordance with accepted actuarial practice, requirements of Insurance Act 1938, IRDA regulations and the Actuarial Practice Standards of the Institute of Actuaries of India. Liabilities under unit linked policies are the sum of the value of units and the prospective non unit reserve in respect of mortality and morbidity risks and future policy expenses, less policy charges.

5. अग्रिम और प्रावधान / Advances and Provisions:

i. अग्रिमों को मानक, अवमानक, संदिग्ध तथा हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार प्रावधान किए जाते हैं. अग्रिमों को गैर-निष्पादक अग्रिमों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाकर दिखाया जाता है.

Advances are classified into Standard, Sub-standard, Doubtful and Loss assets and provisions are made in accordance with the prudential norms prescribed by RBI. Advances are stated net of provisions towards Non-Performing Advances.

ii. जहाँ बही ऋणों सहित मूर्त प्रतिभूति पर अग्रिमों का न्यूनतम 10% भाग विनिर्दिष्ट/ सृजित किया जाता है, वहाँ अग्रिमों को 'मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. एस्क्रो, गारंटी, चुकौती आश्वासन पत्र, ब्रांड पर प्रभार, लाइसेंस, पेटेंट, कॉपीराइट आदि के रूप में प्रतिभूति को 'मूर्त आस्तियां' नहीं माना जाता है.

Advances are classified as `Secured by Tangible Assets' when security of at least 10% of the advance has been stipulated/ created against tangible security including book debts. Security in the nature of escrow, guarantee, comfort letter, charge on brand, license, patent, copyright etc are not considered as `Tangible Assets'.

iii. विगत वर्षों में बट्टे खाते डाले गए ऋणों में की गई वसूलियों तथा उधारकर्ता की मौजूदा स्थिति में आवश्यक न समझे गए प्रावधानों की राशि को लाभ-हानि खाते में दर्शाया जाता है.

Amounts recovered against debts written-off in earlier years and provisions no longer considered necessary in the context of the current status of the borrower are recognised in the Profit and Loss Account.

iv. बैंक अशोध्य और संदिग्ध अग्रिमों तथा निवेशों के लिए कोई अस्थायी प्रावधान नहीं करता है.

The Bank does not make any floating provision for bad and doubtful advances and investments.

v. पुनर्संरचित/ पुनर्निर्धारित ऋणों और अग्रिमों को बैंकों द्वारा ऋणों और अग्रिमों की पुनर्संरचना पर लागू रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है.

Provision on loans and advances restructured/rescheduled is made in accordance with the applicable RBI guidelines on restructuring of loans and advances by Banks.

vi. बैंक बोर्ड के अनुमोदन से समय-समय पर संशोधित रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों द्वारा यथा अपेक्षित प्रति-चक्रीय बफर बनाता है और इसका उपयोग सीमाओं और रिज़र्व बैंक द्वारा अनुमत परिस्थितियों के भीतर करता है.

The Bank makes Countercyclical Buffer as required by RBI guidelines, amended from time to time, with the approval of the Board and utilises the same within the limits and in the circumstances permitted by RBI.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

6. **निवेश / Investments:**

वर्गीकरण / Classification:

निवेश वर्गीकरण एवं मूल्यांकन के बारे में रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता हैः
In terms of extant guidelines of the RBI on Investment classification and Valuation, the entire investment portfolio is categorised as:

i. परिपक्वता तक धारित / Held To Maturity,

ii. बिक्री के लिए उपलब्ध तथा / Available For Sale and

iii. क्रय-विक्रय के लिए धारित / Held For Trading.

प्रत्येक श्रेणी के अतंर्गत निवेश को निम्नलिखित रूप में पुनः वर्गीकृत किया जाता हैः
Investments under each category are further classified as:

i. सरकारी प्रतिभूतियां / Government Securities

ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां / Other Approved Securities

iii. शेयर / Shares

iv. डिबेंचर तथा बांड / Debentures and Bonds

v. सहायक संस्थाएं/ संयुक्त उद्यम / Subsidiaries/ Joint Ventures

vi. अन्य (वाणिज्यिक पत्र, म्यूचुअल फंड यूनिट, प्रतिभूति रसीदें, पास थ्रू प्रमाणपत्र, सिडबी/नाबार्ड/ एनएचबी/ आरआईडीएफ जमा)
Others (Commercial Paper, Mutual Fund Units, Security Receipts, Pass Through Certificate, SIDBI/ NABARD/ NHB/ RIDF Deposit).

वर्गीकरण का आधार / Basis of Classification:

क) बैंक द्वारा परिपक्वता तक धारित रखने के उद्देश्य से किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

a) Investments that the Bank intends to hold till maturity are classified as 'Held to Maturity'.

ख) खरीद की तारीख से 90 दिनों के भीतर मूलतः फिर से बिक्री के लिए धारित रखे गए निवेशों को 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' श्रेणि के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

b) Investments that are held principally for resale within 90 days from the date of purchase are classified as 'Held for Trading'.

ग) जो निवेश उपर्युक्त दोनों श्रेणियों में नहीं आते हैं, उन्हें 'बिक्री के लिए उपलब्ध' शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

c) Investments, which are not classified in the above two categories, are classified as 'Available for Sale'.

घ) किसी निवेश को उसकी खरीद के समय 'परिपक्वता तक धारित', 'बिक्री के लिए उपलब्ध' अथवा 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है और बाद में इन श्रेणियों के बीच में इनकी अदला-बदली रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार की जाती है.

d) An investment is classified as 'Held to Maturity', 'Available for Sale' or 'Held for Trading' at the time of its purchase and subsequent shifting amongst categories and its valuation is done in conformity with RBI guidelines.

ङ) सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों में किए गए निवेशों को 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है.

e) Investments in Subsidiaries, Joint Venture are classified as 'Held to Maturity'.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

मूल्यांकन / Valuation:

i) किसी निवेश की अर्जन लागत को निर्धारित करने में:
In determining the acquisition cost of an investment:

क) सेकंडरी बाजार से खरीदे गए इक्विटी लिखतों के मामले में प्रदत्त दलाली, कमीशन, स्टाम्प ड्यूटी और अन्य करों को अर्जन लागत में शामिल किया जाता है जबकि ट्रेजरी निवेशों सहित अन्य निवेशों के मामले में ऐसे व्ययों को लाभ-हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है.

a) Brokerage, commission, stamp duty and other taxes paid are included in cost of acquisition in respect of acquisition of equity instruments from the secondary market whereas in respect of other investments, including treasury investments, such expenses are charged to Profit and Loss Account.

ख) खंडित अवधि के लिए प्रदत्त ब्याज / प्राप्त ब्याज को अर्जन लागत/ बिक्री में से घटाया जाता है और उसे ब्याज व्यय/ आय के रूप में माना जाता है.

b) Broken period interest paid/ received is excluded from the acquisition cost/ sale and treated as interest expense/ income.

ग) लागत का निर्धारण भारित औसत लागत पद्धति के अनुसार किया जाता है.

c) Cost is determined on the Weighted Average Cost method.

ii) 'परिपक्वता तक धारित' निवेशों को जब तक यह अंकित मूल्य से अधिक न हों, अर्जन लागत के अनुसार हिसाब में लिया जाता है. ऐसे मामलों में प्रीमियम को परिपक्वता की शेष बची अवधि में सीधी रेखा पद्धति से परिशोधित किया जाता है. इस श्रेणी के अंतर्गत सहायक संस्थाओं / संयुक्त उद्यमों में निवेशों के मूल्य में अस्थायी स्वरूप की कमी के अलावा होने वाली अन्य कमी के संबंध में प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग प्रावधान किया जाता है.
Investments 'Held To Maturity' are carried at acquisition cost unless it is more than the face value, in which case the premium is amortised on straight line basis over the remaining period of maturity. Diminution, other than temporary, in the value of investments in Subsidiaries/ Joint Venture under this category is provided for each investment individually.

iii) 'क्रय-विक्रय के लिए धारित' तथा 'बिक्री के लिए उपलब्ध' निवेशों के स्क्रिप-वार बाजार मूल्य को बही में अंकित किया जाता है और प्रत्येक श्रेणी में हुए निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को लाभ-हानि लेखे में दर्शाया जाता है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, को नहीं दर्शाया जाता है.
Investments 'Held for Trading' and 'Available For Sale' are marked to market scrip-wise and the resultant net depreciation, if any, in each category is recognised in the Profit and Loss Account, while the net appreciation, if any, are ignored.

(क) ट्रेजरी बिलों, वाणिज्यिक पत्रों तथा जमा प्रमाणपत्रों का मूल्यांकन बट्टाकृत लिखत होने के कारण रखाव लागत पर किया जाता है.

a) Treasury Bills, Commercial Papers and Certificates of Deposit being discounted instruments are valued at carrying cost,

(ख) क्रय-विक्रय/ उद्धृत किए गए निवेशों के संबंध में बाजार मूल्य स्टॉक एक्सचेंजों में उपलब्ध क्रय-विक्रय/ भाव-सूची से लिया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्य बाजार मूल्यों अथवा भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (एफआईएमएमडीए) के साथ मिलकर भारतीय प्राथमिक व्यापारी संघ (पीडीएआई) द्वारा घोषित मूल्यों के आधार पर लिया जाता है.

b) In respect of traded/ quoted investments, the market price is taken from the trades/ quotes available on the stock exchanges. Government Securities are valued at market prices or prices declared by Primary Dealers Association of India (PDAI) jointly with Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA)

(ग) अनुद्धृत शेयरों का मूल्य अलग-अलग मूल्य या अद्यतन तुलन पत्र उपलब्ध होने पर निवल आस्ति मूल्य पर, अन्यथा ₹1 प्रति कंपनी के आधार पर निकाला जाता है और यूनिटों का मूल्य रिज़र्व बैंक के संगत दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्खरीद मूल्य पर निकाला जाता है. नियत आय वाली अनुद्धृत प्रतिभूतियों (सरकारी प्रतिभूतियों को छोड़कर) का मूल्य समान परिपक्वता अवधि वाली केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) दरों पर समुचित रूप से अधिक दर निर्धारित

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

कर वाईटीएम आधार पर निकाला जाता है. ऐसे कीमत-लागत अंतर व वाईटीएम दरों को एफआईएमएमडीए द्वारा प्रकाशित संबंधित दरों के आधार पर लागू किया जाता है.

c) The unquoted shares are valued at break-up value or at Net Asset Value if the latest Balance Sheet is available, else at ₹ 1 per company and units are valued at repurchase price, as per relevant RBI guidelines. The unquoted fixed income securities (other than government securities) are valued on Yield to Maturity (YTM) basis with appropriate mark-up over the YTM rates for Central Government securities of equivalent maturity. Such mark up and YTM rates applied are as per the relevant rates published by FIMMDA.

(घ) आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का मूल्यांकन रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए तथा ऐसे लिखतों पर लागू दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है. तद्नुसार ऐसे मामलों में जहाँ आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों से नकदी प्रवाह, संबंधित योजना में लिखतों को समनुदेशित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली तक सीमित हो, वहाँ बैंक आस्ति पुनर्निर्माण कंपनियों से समय-समय पर प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर इस प्रकार के निवेशों के मूल्यांकन के लिए निवल आस्ति मूल्य को हिसाब में लेता है.

d) Security receipts issued by the Asset Reconstruction Companies are valued in accordance with the guidelines applicable to such instruments, prescribed by RBI from time to time. Accordingly, in cases where the cash flows from security receipts issued by the Asset Reconstruction Companies are limited to the actual realisation of the financial assets assigned to the instruments in the concerned scheme, the Bank reckons the Net Asset Value obtained from the Asset Reconstruction Company from time to time, for valuation of such investments at each reporting period end.

(ङ) अधिमान्य शेयरों को बाजार दरों पर, यदि कोट किए जाते हैं, अथवा रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार मोचन मूल्य से अनधिक परिपक्वता पर उपयुक्त प्रतिलाभ आधार पर मूल्यांकित किया जाता है.

e) Preference shares are valued at market rates, if quoted or on appropriate Yield to Maturity basis not exceeding redemption value as per RBI guidelines.

निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ या हानि को लाभ-हानि लेखे में जमा/ नामे किया जाता है. तथापि परिपक्वता पर धारित निवेशों की बिक्री से प्राप्त लाभ को पहले लाभ-हानि खाते में जमा किया जाता है, उसके बाद वर्ष/ अवधि की समाप्ति पर लागू करों को घटाकर पूंजी रिज़र्व खाते में समायोजित किया जाता है. बिक्री से हानि को लाभ-हानि खाते में हिसाब में लिया जाता है.

Profit or Loss on sale of investments is credited/ debited to Profit and Loss Account. However, profits on sale of investments in Held to Maturity category is first credited to Profit and Loss Account and thereafter appropriated, net of applicable taxes and amount required to be transferred to Statutory Reserves, to the Capital Reserve Account at the year/ period end. Loss on sale is recognised in the Profit and Loss Account.

निवेशों की राशि प्रावधानों को घटाकर दर्शाई जाती है. / Investments are shown net of provisions.

रेपो एवं रिवर्स रेपो लेन-देन / Repo and reverse repo transactions:

रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों व कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियों (चलनिधि समायोजन सुविधा ('एलएएफ') व सीमांत आपाती सुविधा (एमएसएफ) के तहत रिज़र्व बैंक से किए गए लेन-देनों को छोड़कर) रेपो व रिवर्स रेपो के लेन-देन क्रमशः ऋण लेने व ऋण देने वाले लेन-देन के रूप में दर्शाए जाते हैं. रेपो लेन-देनों पर उधार लागत को ब्याज व्यय के रूप में तथा रिवर्स रेपो लेन-देनों पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय के रूप में लिया जाता है.

In accordance with the RBI guidelines Repo and Reverse Repo transactions in Government securities and Corporate Debt Securities (excluding transactions conducted under Liquidity Adjustment Facility ('LAF') and Marginal Standing Facility ('MSF') with RBI) are reflected as borrowing and lending transactions respectively. Borrowing cost on Repo transactions is accounted as interest expense and revenue on Reverse Repo transactions is accounted as interest income.

रिज़र्व बैंक से एलएएफ एवं एमएसएफ के अंतर्गत किए गए रेपो लेन-देन के संबंध में रिज़र्व बैंक से उधार ली गई राशि को निवेश खाते में जमा कर लेन-देन की परिपक्वता पर रिवर्स किया जाता है. इस पर लगने वाली लागत को ब्याज व्यय माना जाता है. एलएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो लेन-देनों के संबंध में रिज़र्व बैंक को दी गई राशि निवेश खाते में नामे कर लेन-देन की परिपक्वता पर रिवर्स कर दी जाती है. इस पर प्राप्त राजस्व को ब्याज आय माना जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

In respect of Repo transactions under LAF and MSF with RBI, amount borrowed from RBI is credited to investment account and reversed on maturity of the transaction. Costs thereon are accounted for as interest expense. In respect of Reverse Repo transactions under LAF, amount lent to RBI is debited to investment account and reversed on maturity of the transaction. Revenues thereon are accounted as Interest Income.

आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज़ लिमिटेड और आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि. के मामले में:
In case of IDBI Trusteeship Services Limited and IDBI Assets Management Ltd.:

सभी निवेश जो तत्काल वसूली योग्य और अर्जन की तारीख से एक वर्ष से अधिक नहीं रखे जाने से अभिप्रेत हैं, को चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. चालू निवेशों को कम लागत या उचित मूल्य पर दर्शाया जाता है. दीर्घावधि निवेशों को लागत पर दर्शाया जाता है. यदि अस्थायी के इतर विचार किया जाता है तो दीर्घावधि निवेश के मूल्य में ह्रास का निर्धारण किया जाता है.
All investments which are readily realisable and intended to be held for not more than one year from the date of acquisition are classified as Current Investments. Current investments are stated at lower of cost or fair value. Long term investments are stated at cost. Decline in value of long term investment is recognised, if considered other than temporary.

आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि. के मामले में, निवेशों को गैर-चालू और चालू निवेशों के रूप वर्गीकृत किया जाता है. लाभांश तथा ब्याज के जरिए आय अर्जित करने के लिए तथा पूंजीगत मूल्यवृद्धि के प्रयोजनार्थ अर्जित तथा धारित प्रतिभूतियों तथा अन्य वित्तीय आस्तियों को गैर-चालू निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और उनकी अर्जन लागत पर मूल्यांकित किया जाता है. उनके मूल्य में अस्थायी गिरावट को छोड़कर गिरावट, यदि कोई है, का निर्धारण किया जाता है. चालू निवेश कम लागत या बाज़ार मूल्य पर किया जाता है. मार्केट मेकर के रूप में बाजार निर्माण प्रक्रिया में अर्जित प्रतिभूतियों को धारिता अवधि पर ध्यान दिये बिना चालू निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.
In case of IDBI Capital Market Services Ltd., investments are classified into non-current and current investments. Securities and other financial assets acquired and held for earning income by way of dividend and interest and for the purpose of capital appreciation are classified as non-current investments and are valued at their cost of acquisition. Decline in their value other than temporary, if any, is recognised. Current investments are carried at lower of cost or market value. Securities acquired in the market making process as market maker are classified as Current Investments irrespective of the period of holding.

अल्पावधि धारिता और ट्रेडिंग के उद्देश्य से अर्जित प्रतिभूतियों को विक्रेय माल समझा जाता है और उसे चालू आस्तियों के रूप में माना जाता है.
Securities acquired with the intention of short-term holding and trading are considered as stock-in-trade and regarded as current assets.

विक्रेय माल श्रेणीवार के रूप में धारित प्रतिभूतियों को कम लागत या बाजार/ उचित मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सिर्फ एकमुश्त लेन-देनों पर विचार करते हुए भारित औसत प्रणाली का अनुसरण कर लागत प्राप्त की जाती है. बाजार मूल्य को वास्तविक क्रय-विक्रय के लिए बाजार भावों के आधार पर निर्धारित किया जाता है और जहां ऐसे भाव उपलब्ध नहीं हैं वहाँ उचित मूल्य निर्धारित किया जाता है, ऋण प्रतिभूतियों के मामले में, समान परिपक्वता और साख स्थिति की प्रतिभूतियों पर आय-प्राप्ति के संदर्भ में और इक्विटियों के मामले में उपलब्ध अंतिम तुलन पत्र के अनुसार विश्लेषित मूल्य के संदर्भ में निर्धारित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति को अलग-अलग मूल्यांकित किया जाता है. प्रत्येक प्रतिभूति के लिए मूल्यह्रास, यदि कोई हो, का प्रावधान किया जाता है और यदि कोई मूल्यवृद्धि होती है तो उसे छोड़ दिया जाता है.
Securities held as stock-in-trade category wise are valued at lower of cost or market/ fair value. Cost is derived by following the Weighted Average method considering only outright transactions. Market value is determined based on market quotes for actual trades and where such quotes are not available, fair value is determined, in the case of debt securities, with reference to yields on securities of similar maturity and credit standing, and in the case of equities, with reference to the break-up value as per the last available Balance sheet. Each security is valued individually. The depreciation, if any, for each security is provided and the appreciation, if any, is ignored.

निवेश के रूप में धारित सरकारी प्रतिभूतियों पर प्रदत्त प्रीमियम को लिखत की अवधि के दौरान परिशोधित किया जाता है.
Premium paid on Government securities held as investment is amortised over the tenor of the instrument.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

जीवन बीमा संयुक्त उद्यम - आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
Life Insurance Joint Venture-IDBI Federal Life Insurance Company Ltd.

निवेश बीमा अधिनियम, 1938, आईआरडीए (निवेश) विनियम, 2000 और आईआरडीए द्वारा इस संदर्भ में समय-समय पर जारी विभिन्न परिपत्रों/ अधिसूचनाओं के अनुसार किए जाते हैं.
Investments are made in accordance with the Insurance Act, 1938, the IRDA (Investment) Regulations, 2000, and various other circulars/notifications issued by the IRDA in this context from time to time.

निवेशों को खरीद की तारीख को लागत पर दर्ज किया जाता है जिसमें दलाली तथा कर, यदि कोई हों, शामिल किए जाते हैं और उपचित ब्याज शामिल नहीं किए जाते हैं.
Investments are recorded at cost on the date of purchase, which includes brokerage and taxes, if any, and excludes accrued interest.

वर्गीकरण / Classification:

तुलन पत्र की तारीख से बारह महीने के भीतर परिपक्व होने वाले निवेश और तुलन पत्र की तारीख से बारह महीनों में निपटाने के विशेष अभिप्राय से किए गए निवेशों को अल्पकालिक निवेश के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.
Investments maturing within twelve months from the Balance Sheet date and investments made with the specific intention to dispose them off within twelve months from the Balance Sheet date are classified as short term investments.

अल्पकालिक निवेशों के अलावा अन्य निवेशों को दीर्घकालिक निवेशों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है.
Investments other than short-term investments are classified as long-term investments.

मूल्यांकन - शेयरधारकों के निवेश और गैर-संबद्ध पॉलिसीधारकों के निवेश
Valuation - shareholders' investments and non-linked policyholders' investments

सभी ऋण प्रतिभूतियों को 'परिपक्वता तक धारित' माना जाता है और वे तदनुसार परंपरागत लागत पर दर्शायी जाती है जो सीधी रेखा पद्धति के आधार पर परिपक्वता/ धारिता अवधि के दौरान प्रीमियम के परिशोधन अथवा छूट पर वृद्धि के अधीन है.
All debt securities are considered as 'Held To Maturity' and accordingly stated at historical cost, subject to amortisation of premium or accretion of discount over the period of maturity/ holding on a straight line basis.

तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई')' - प्राथमिक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित किया जाता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो उसे उसके उचित मूल्य पर 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई')' - द्वितीयक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित माना जाता है. म्यूचुअल फंड यूनिटों को तुलन पत्र की तारीख को पिछले दिन के शुद्ध आस्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.
Listed equity shares as at the Balance Sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange - 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/ traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange - 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units as at the balance sheet date are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision for diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और म्यूचुअल फंड यूनिटों के उचित मूल्य में हुए परिवर्तन के कारण न लिए गए लाभ/ हानि को "उचित मूल्य परिवर्तन खाते" में लिया जाता है और तुलन पत्र में आगे ले जाया जाता है.
Unrealised gains/losses arising due to changes in the fair value of listed equity shares and mutual fund units are taken to "Fair Value Change Account" and carried forward in the Balance Sheet.

किसी भी ह्रास हानि को राजस्व या लाभ-हानि खाते में उतना व्यय समझा जाता है, जितना कि प्रतिभूति या निवेश के पुनर्मूल्यांकित उचित मूल्य व राजस्व या लाभ-हानि खाते में व्यय के रूप में निर्धारित किसी भी पूर्व ह्रासित हानि द्वारा कम की गई इसकी अर्जन लागत के बीच का अंतर होता है. पूर्व में अभिनिर्धारित किसी भी ह्रासित हानि के प्रतिवर्तन को राजस्व या लाभ-हानि लेखों में दर्शाया जाता है.

समेकित वित्तीय विवरणों की अनुसूचियां
Schedules to the Consolidated Financial Statements

Any impairment loss is recognised as an expense in Revenue or Profit and Loss Account to the extent of the difference between the re-measured fair value of the security or investment and its acquisition cost as reduced by any previous impairment loss recognised as expense in Revenue or Profit and Loss Account. Any reversal of previously recognised impairment loss is recognised in Revenue or Profit and Loss Account.

मूल्यांकन - संबद्ध कारोबार / Valuation - linked business

सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन भारतीय नियत आय मुद्रा बाजार और व्युत्पन्नी संघ (एफआईएमएमडीए) से प्राप्त मूल्यों के आधार पर किया जाता है. सरकारी प्रतिभूतियों के अलावा ऋण प्रतिभूतियों का मूल्यांकन रेटिंग एजेंसी द्वारा दैनिक आधार पर जारी किए जाने वाले प्रतिफल मैट्रिक्स का उपयोग करते हुए उचित मूल्य आधार पर किया जाता है.
Government Securities are valued at prices obtained from Fixed Income Money Market and Derivative Association of India (FIMMDA). Debt Securities other than Government Securities are valued at Fair Value using Yield Matrix for Bonds released by Rating Agency, on a daily basis.

मुद्रा बाजार लिखतों अर्थात् - जमा प्रमाणपत्र, संपार्श्विक उधार तथा उधार लेन-देन संबंधी दायित्व का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है, जो धारिता/ परिपक्वता अवधि पर सीधी रेखा आधार पर बट्टे की अभिवृद्धि या प्रीमियम के परिशोधन के अधीन होता है. अन्य मुद्रा बाजार लिखतों जैसे - वाणिज्यिक पत्रों, ट्रेजरी बिलों का मूल्यांकन एफआईएमएमडीए से प्राप्त मूल्यों पर आईआरडीएआई दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाता है.
Money Market Instruments i.e. Certificate of Deposit, Collateral Borrowing and Lending Obligation are valued at cost, subject to accretion of discount or amortisation of premium over the holding/ maturity period on a straight line basis. Other Money Market instruments like Commercial Papers, Treasury Bills are valued at prices obtained from FIMMDA in line with IRDAI guidelines.

तुलन पत्र की तारीख को सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों को उनके उचित मूल्य पर 'नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ('एनएसई')' - प्राथमिक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित किया जाता है. यदि इक्विटी शेयर प्राथमिक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध नहीं है या सौदा नहीं किया गया है तो उसे उसके उचित मूल्य पर 'बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ('बीएसई')' - द्वितीयक एक्सचेंज पर अंतिम मूल्य पर अंकित माना जाता है. म्यूचुअल फंड यूनिटों का मूल्यांकन विगत दिन के निवल आस्ति मूल्य पर किया जाता है. सूचीबद्धता की प्रतीक्षा में इक्विटी शेयरों को परंपरागत मूल्य पर अंकित किया जाता है जो इस तरह के निवेश मूल्य के प्रत्येक निवेश के लिए अलग से निर्धारित किया गया है और जो मूल्य में कमी, यदि कोई हो, के लिए प्रावधान के अधीन है.
Listed equity shares as at the Balance Sheet date are stated at fair value being the quoted closing price on the Primary Exchange - 'National Stock Exchange ('NSE')'. In case the equity share is not listed/ traded on the Primary Exchange the quoted closing price on the Secondary Exchange - 'Bombay Stock Exchange ('BSE')', is considered as fair value. Mutual fund units are valued at the previous day's net asset values. Equity shares awaiting listing are stated at historical cost subject to provision of diminution, if any, in the value of such investment determined separately for each individual investment.

निवेश पर न लिए गए लाभ/ हानि को संबंधित निधि के राजस्व खाते में निर्धारित किया जाता है.
आईडीबीआई इंटेक लि. / भारत IDBI Intech Ltd/ India	हाँ / Yes	पूर्णतः समेकित Fully Consolidated	नहीं / No	लागू नहीं / NA	लागू नहीं / NA	आईडीबीआई इंटेक लि. एक गैर-वित्तीय संस्था है. इसे समूह की समेकित विनियामक पूंजी में से घटाया गया है. IDBI Intech Ltd is a non Financial Entity. Deducted from Consolidated Regulatory Capital of the group.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

संस्था का नाम/ निगमन देश **Name of the entity / Country of incorporation**	**क्या संस्था को समेकन के लेखांकन क्षेत्र के अंतर्गत शामिल किया गया है (हाँ/ नहीं)** **Whether the entity is included under accounting scope of consolidation (yes/no)**	**समेकन की पद्धति स्पष्ट करें** **Explain the method of consolidation**	**क्या संस्था को समेकन के विनियामक क्षेत्र के अंतर्गत शामिल किया गया है (हाँ/ नहीं)** **Whether the entity is included under regulatory scope of consolidation (yes/no)**	**समेकन की पद्धति स्पष्ट करें** **Explain the method of consolidation**	**समेकन की पद्धति में अंतर स्पष्ट करें** **Explain the reasons for difference in the method of consolidation**	**यदि समेकन के केवल एक ही क्षेत्र में समेकित किया गया है तो उसके कारण स्पष्ट करें** **Explain the reasons if consolidated under only one of the scopes of consolidation**
आईडीबीआई ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि. / भारत IDBI Trusteeship Services Ltd/ India	हाँ / Yes	पूर्णतः समेकित Fully Consolidated	नहीं / No	लागू नहीं / NA	लागू नहीं / NA	आईडीबीआई ट्रस्टीशिप एक गैर-वित्तीय संस्था है. इसे समूह की समेकित विनियामक पूंजी में से घटाया गया है. IDBI Trusteeship is a non Financial Entity. Deducted from Consolidated Regulatory Capital of the group.

* एनए/ NA - लागू नहीं / * NA – Not Applicable

ख. समेकन के लेखांकन व विनियामक, दोनों ही क्षेत्रों के लिए समेकन में शामिल न की गई समूह संस्थाओं की सूची:

b. List of group entities not considered for consolidation both under the accounting and regulatory scope of consolidation

समूह की ऐसी कोई संस्था नहीं है जिसे समेकन के लेखांकन व विनियामक, दोनों ही क्षेत्रों के लिए समेकन में शामिल न किया गया हो.

There are no group entities that are not considered for consolidation under both the accounting scope of consolidation and regulatory scope of consolidation.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

(ii) संख्यात्मक प्रकटन / Quantitative Disclosures:

ग. विनियामक समेकन में शामिल की गई समूह संस्थाओं की सूची
c. List of group entities considered for regulatory consolidation

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

संस्था का नाम/ निगमन देश (जैसा कि ऊपर (i) क. में दर्शाया गया है.) Name of the entity / country of incorporation (as indicated in (i) a. above)	संस्था के मुख्य कार्यकलाप Principle activity of the entity	कुल तुलन पत्र इक्विटी (विधिक संस्था के लेखांकन तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार) Total balance sheet equity (as stated in the accounting balance sheet of the legal entity)	कुल तुलन पत्र आस्तियां (जो विधिक संस्था के लेखांकन तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार) Total balance sheet assets (as stated in the accounting balance sheet of the legal entity)
आईडीबीआई कैपिटल मार्केट सर्विसेज़ लि./ भारत IDBI Capital Market Services Ltd/ India	कारोबार में स्टॉक ब्रोकिंग, वित्तीय उत्पादों का वितरण, मर्चेंट बैंकिंग, कॉरपोरेट सलाहकारी सेवाएं आदि शामिल हैं. Business includes stock broking, distribution of financial products, merchant banking, corporate advisory services, etc.	1,281	3,379
आईडीबीआई असेट मैनेजमेंट लि./ भारत IDBI Asset Management Ltd/India	आस्तियों का प्रबंधन Manages Assets	2,000	991

(घ) सभी सहायक संस्थाओं में पूंजीगत कमियों की समेकित राशि, जिसे समेकन के विनियामक क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है, अर्थात्, जिसे घटाया गया हो:
d. The aggregate amount of capital deficiencies in all subsidiaries which are not included in the regulatory scope of consolidation i.e. that are deducted:

किसी सहायक संस्था में ऐसी कोई पूंजीगत कमी नहीं है जिसे समेकन के विनियामक क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है.
There is no capital deficiency in any subsidiary, which is not included in the regulatory scope of consolidation.

(ङ) बीमा संस्थाओं में बैंक के हित की कुल राशि (अर्थात् चालू बही मूल्य) जोकि जोखिम-धारित है:
e. The aggregate amounts (e.g. current book value) of the bank's total interests in insurance entities, which are risk-weighted:

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

बीमा कंपनी का नाम/ निगमन देश Name of the insurance entities/ country of incorporation	संस्था के मूल कार्यकलाप Principle activity of the entity	कुल तुलन पत्र इक्विटी (विधिक संस्था के लेखांकन तुलन पत्र में दर्शाए अनुसार) Total balance sheet equity (as stated in the accounting balance sheet of the legal entity)	कुल इक्विटी में बैंक की धारिता का % / वोटिंग अधिकार का अनुपात % of bank's holding in the total equity / proportion of voting power	जोखिम भारित पद्धति प्रयोग करने बनाम पूर्ण कटौती पद्धति प्रयोग करने की विनियामक पूंजी पर मात्रात्मक प्रभाव Quantitative impact on Regulatory capital of using risk weighting method versus using the full deduction method
आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि./ भारत IDBI Federal Life Insurance Company Ltd. / India	जीवन बीमा कारोबार Life Insurance business	7,997.28	48%	कटौती दृष्टिकोण के तहत पूंजी आवश्यकता ₹ 2976 मिलियन बढ़ जाएगी The capital requirement would increase by ₹ 2,976 million under Deduction Approach

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

च. बैंकिंग समूह में निधियों के अंतरण या विनियामक पूंजी पर किसी प्रकार का प्रतिबंध या रुकावट:

f. Any restrictions or impediments on transfer of funds or regulatory capital within the banking group:

बैंकिंग समूह में निधियों के अंतरण या विनियामक पूंजी पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध या रुकावट नहीं है.
There are no restrictions or impediments on transfer of funds or regulatory capital within the banking group.

तालिका डीएफ -2 : पूंजी पर्याप्तता / Table DF-2: Capital Adequacy

बैंक संभावित हानि के जोखिमों के प्रति कुशन के रूप में तथा अपने अंशधारकों, जमाकर्ताओं और लेनदारों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए पूंजी रखता है. बैंक की भावी पूंजी आवश्यकता को इसकी कारोबार रणनीति के अनुसार इसकी वार्षिक कारोबार योजना के एक भाग के रूप में प्रस्तुत किया जाता है. बैंक की भावी पूंजी आवश्यकताओं की गणना करने में ब्याज दर, विनिमय दर, चलनिधि स्थिति जैसे कई कारकों पर विचार करने के बाद बाजार के रुख की समीक्षा की जाती है. इसके अलावा तुलन पत्र संरचना, पोर्टफोलियो संमिश्र, वृद्धि दर तथा संबंधित भुनाई जैसे विस्तृत मानदंडों पर भी विचार किया जाता है. साथ ही सटीक अनुमान दर्शाने के लिए ऋण संरचना और रेटिंग मैट्रिक्स को भी शामिल किया जाता है.
The Bank maintains and manages capital as a cushion against the risk of probable losses and to protect its stakeholders, depositors and creditors. The future capital requirement of the Bank is projected as a part of its annual business plan, in accordance with its business strategy. To calculate the future capital requirements of the Bank a view on the market behavior is taken after considering various factors such as interest rate, exchange rate and liquidity positions. In addition, broad parameters like balance sheet composition, portfolio mix, growth rate and relevant discounting are also considered. Further, the loan composition and rating matrix is factored in to reflect precision in projections.

दिनांक 1 अप्रैल 2013 से प्रभावी बासेल III दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक अपने पूंजी अनुपातों की गणना रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार कर रहा है.
In line with the Basel III guidelines which are effective since April 01, 2013, the Bank has been calculating its capital ratios as per the extant RBI guidelines.

बासेल III मानदंडों का प्रमुख ध्यान टीयर I पूंजी की गुणवत्ता और मात्रा पर तथा इस बात पर है कि बैंक की वर्तमान में उपलब्ध पूंजी की मात्रा इन विनियामक आवश्यकताओं को पूरा करती है. वर्तमान में बैंक विभिन्न् दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित की गई न्यूनतम आवश्यकताओं से बेहतर कार्य- निष्पादन कर रहा है. 31 मार्च 2015 को बैंक की एकल सीआरएआर की स्थिति निम्नानुसार हैः
The main focus of Basel III norms is on the quality and quantity of Tier I capital and these regulatory requirements are currently met with the quantum of capital available with the Bank. At present the Bank is operating well above the minimum requirements as stipulated by the guidelines. The Standalone CRAR position of the Bank as on March 31, 2015 is as below:

सीआरएआर / **CRAR %**	**बासेल III / Basel III**
सीईटी / CET 1 (%)	7.29%
टीयर / Tier 1 (%)	8.18%
कुल / Total (%)	**11.76%**

वर्तमान और भावी जोखिमों की पहचान, मात्रा -निर्धारण और अनुमान लगाने के लिए बैंक ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति लागू की है. इस नीति के अंतर्गत ऐसे जोखिमों पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया, बैंक की वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले उनके प्रभाव के आकलन तथा उनके नियंत्रण और न्यूनीकरण के लिए उपयुक्त रणनीति तैयार करना और इस प्रकार पूंजी का पर्याप्त स्तर बनाए रखना शामिल है. आईसीएएपी अभ्यास यह सुनिश्चित करने के लिए आवधिक रूप से किया जाता है कि बैंक के पास अपनी कारोबारी आवश्यकताओं के अनुरूप विनियामक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त पूंजी है. बैंक की समेकित दबाव परीक्षण नीति भी है जिसमें विनियामक दबाव स्थितियाँ शामिल हैं जो बैंक की जोखिम रूपरेखा तथा पूंजी की स्थिति पर ऐसे गंभीर किंतु सत्याभासी दबाव परिदृश्य के प्रभाव पर अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं. दबाव परीक्षण अभ्यास नियमित रूप से किए जाते हैं. यह बोर्ड द्वारा अनुमोदित दबाब परीक्षण ढांचे पर आधारित हैं जिसमें दबाव परीक्षण पर रिज़र्व बैंक के दिनांक 02 दिसंबर 2013 के दिशानिर्देशों को शामिल किया गया है. दबाव परिदृश्य के प्रभावों का बैंक की लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता पर विश्लेषण किया जाता है. इस अभ्यास के परिणाम उपयुक्त बोर्ड स्तरीय समिति (यों) को सूचित किए जाते हैं.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

For identification, quantification and estimation of current and future risks, the Bank has a Board approved Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) policy. The policy covers the process for addressing such risks, measuring their impact on the financial position of the Bank and formulating appropriate strategies for their containment & mitigation; thereby maintaining an adequate level of capital. The ICAAP exercise is conducted periodically to determine that the Bank has adequate capital to meet regulatory requirements in line with its business requirements. The Bank also has a comprehensive stress test policy covering regulatory stress conditions to give an insight into the impact of severe but plausible stress scenarios on the Bank's risk profile and capital position. The stress test exercises are carried out regularly based on the board approved stress testing framework incorporating RBI guidelines on Stress testing dated December 02, 2013. The impact of stress scenarios on the profitability and capital adequacy of the Bank are analyzed. The results of the exercise is reported to the suitable board level committee(s).

दिनांक 31 मार्च 2015 को समेकित सीआरएआर स्थिति निम्नानुसार है:
The Consolidated CRAR position, as on March 31, 2015 is as follows:

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

पूंजी आवश्यकता / Capital requirement	
ऋण जोखिम पूंजी / Credit Risk Capital:	
मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन पोर्टफोलियो / Portfolios subject to standardized approach	2,22,463.05
प्रतिभूतिकरण / Securitization	167.17
बाजार जोखिम पूंजी / Market Risk Capital:	
मानकीकृत अवधि दृष्टिकोण /Standardized duration approach	22,706.10
ब्याज दर जोखिम / Interest Rate Risk	12,180.77
विदेशी मुद्रा विनिमय जोखिम (स्वर्ण सहित) / Foreign exchange Risk (including Gold)	450.00
इक्विटी जोखिम / Equity Risk	10,075.33
परिचालन जोखिम पूंजी / Operational Risk Capital:	
मूल संकेतक दृष्टिकोण / Basic indicator approach	12,129.51
कुल अपेक्षित न्यूनतम पूंजी / Total Minimum Capital required	2,57,465.83
(प्रतिशत / Percentage)	
सामान्य इक्विटी टीयर 1, टीयर 1 एवं कुल पूंजी का अनुपात: **Common Equity Tier 1, Tier 1 and Total capital ratio:**	
सीईटी 1 / CET 1 (%)	7.36%
टीयर 1 / Tier 1 (%)	8.26%
कुल / Total (%)	**11.86%**

2. जोखिम एक्सपोजर एवं मूल्यांकन / Risk exposure and assessment

तालिका डीएफ-3: ऋण जोखिम: सभी बैंकों के लिए सामान्य प्रकटन
Table DF-3: Credit Risk: General Disclosures for All Banks

ऋण जोखिम एक प्रकार का हानि जोखिम है जो प्रतिपक्षी द्वारा वित्तीय संविदा की शर्तों के अनुसार दायित्वों को पूरा न करने अथवा उसकी चूक के कारण उत्पन्न हो सकता है. ऐसी किसी भी घटना का बैंक के वित्तीय कार्य-निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है. बैंक को अपने उधार, निवेश तथा संविदागत व्यवस्थाओं के ज़रिए ऋण जोखिम का सामना करना पड़ता है. बैंक के समक्ष आने वाले ऋण जोखिमों के प्रभाव का सामना करने के लिए एक सुदृढ़ जोखिम अभिशासन ढांचा बनाया गया है. यह ढांचा जोखिमों के स्वामित्व और प्रबंधन के बारे में भूमिकाओं की स्पष्ट परिभाषा और साथ ही जिम्मेदारियों का निर्धारण प्रस्तुत करता है. रिपोर्टिंग प्रबंध तथा सूचना प्रणाली (एमआईएस) व्यवस्था के बारे में पदानुक्रम को स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए ज़िम्मेदारी निर्धारण को और मजबूत बनाया गया है.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

Credit risk is the risk of loss that may occur due to default of the counterparty or from its failure to meet its obligations as per terms of the financial contract. Any such event will have an adverse effect on the financial performance of the Bank. The Bank faces credit risk through its lending, investment and contractual arrangements. To counter the effect of credit risks faced by the Bank, a robust risk governance framework has been put in place. The framework provides a clear definition of roles as well as allocation of responsibilities with regard to ownership and management of risks. Allocation of responsibilities is further substantiated by defining clear hierarchy with respect to reporting relationships and Management Information System (MIS) mechanism.

बैंक की ऋण जोखिम प्रबंध नीतियां / Bank's Credit risk management policies

बैंक ने कार्यविधियों और प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं को स्पष्ट रूप से निरूपित करने के उद्देश्य से विभिन्न जोखिम प्रबंध नीतियां, प्रक्रियाएं तथा मानक तैयार तथा कार्यान्वित किए हैं जो सभी संबंधित कारोबारी समूहों पर आबद्धकर हैं. बैंक की ऋण नीति ऋण एक्सपोजरों के परिमापन, निगरानी और नियंत्रण द्वारा एक उच्च गुणवत्ता पूर्ण ऋण पोर्टफोलियो बनाने तथा उसे बनाए रखने के उद्देश्य के साथ संचालित है. यह नीति कंपनियों, कारोबार समूहों, उद्योगों, भौगोलिक क्षेत्रों तथा सेक्टरों में पोर्टफोलियो के विशाखन जैसे सूक्ष्म कारकों पर भी ध्यान देती है. मौजूदा कारोबार परिदृश्य तथा विनियामक शर्तों के आलोक में यह नीति कॉरपोरेट ग्राहकों को उधार देने के प्रति बैंक का दृष्टिकोण प्रदर्शित करती है.
The Bank has defined and implemented various risk management policies, procedures and standards with an objective to clearly articulate processes and procedural requirements that are binding on all concerned Business groups. The Credit Policy of the Bank is guided by the objective to build, sustain and maintain a high quality credit portfolio by measurement, monitoring and control of the credit exposures. The policy also addresses more granular factors such as diversification of the portfolio across companies, business groups, industries, geographies and sectors. The policy reflects the Bank's approach towards lending to corporate clients in light of prevailing business environment and regulatory stipulations.

बैंक की ऋण नीति के अंतर्गत बैंक के खुदरा आस्ति पोर्टफोलियो को बढ़ाने तथा उन्हें बनाये रखने के लिए मानक, प्रक्रियाएं तथा पद्धतियां निर्दिष्ट की गयी हैं. यह नीति विभिन्न खुदरा उत्पादों के लिए वैयक्तिक उत्पाद प्रोग्राम दिशानिर्देशों के प्रतिपादन को भी संचालित करती है. इस नीति की उस परिवेश (विनियामक एवं बाजार) की गति की प्रत्याशा में या के प्रत्युत्तर में वार्षिक समीक्षा की जाती है जिसमें बैंक परिचालन करता है या रणनीतिक दिशा, जोखिम सहनशीलता आदि में परिवर्तन करता है. यह नीति बैंक के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है.
The Bank's Credit Policy also details the standards, processes and systems for growing and maintaining its Retail Assets portfolio. The policy also guides the formulation of Individual Product Program Guidelines for various retail products. The Credit policy is reviewed annually in anticipation of or in response to the dynamics of the environment (regulatory & market) in which the Bank operates or to change in strategic direction, risk tolerance, etc. The policy is approved by the Board of Directors of the Bank.

ऋण जोखिम के संकेंद्रण से बचने के लिए, बैंक ने एकल उधारकर्ता, समूहों से संबंधित एक्सपोजर मानदंडों, संवेदनशील क्षेत्र के एक्सपोजरों, उद्योग एक्सपोजर और अप्रतिभूत एक्सपोजर के बारे में आंतरिक दिशानिर्देश लागू किए हैं. नये कारोबार प्राप्त करने के लिए और नये ग्राहकों की प्रारंभिक जांच के लिए भी मानदंड निर्दिष्ट किए गए हैं. बैंक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, वाणिज्यिक रियल एस्टेट, पूंजी बाजार तथा बुनियादी क्षेत्र सहित किसी भी उद्योग को ऋण देने के संबंध में रिज़र्व बैंक, सेबी तथा अन्य विनियामक निकायों द्वारा जारी किए गए निदेशों का पालन करता है. इसके अलावा, विवेकपूर्ण विचारों के आधार पर कुछ विशिष्ट खंडों के लिए आंतरिक सीमाएं भी निर्धारित की गयी हैं.
To avoid concentration of credit risk, the Bank has put in place internal guidelines on exposure norms in respect of single borrower, groups, exposure to sensitive sector, industry exposure, unsecured exposures, etc. Norms have also been detailed for soliciting new business as well as for preliminary scrutiny of new clients. The Bank abides by the directives issued by RBI, SEBI and other regulatory bodies in respect of lending to any industry including NBFCs, Commercial Real Estate, Capital Markets and Infrastructure. In addition, internal limits have been prescribed for certain specific segments based on prudential considerations.

बैंक के पास देशी तथा अंतर्राष्ट्रीय बैंकों में एक्सपोजर से संबंधित प्रतिपक्षी जोखिम पर विशिष्ट नीति और विभिन्न देशों में एक्सपोजर से संबंधित देश जोखिम प्रबंधन पर नीति है.
The Bank has a specific policy on Counter Party Credit Risk pertaining to exposure on domestic & international banks and a policy on Country Risk Management pertaining to exposure on various countries.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

ऋण जोखिम मूल्यांकन प्रक्रिया / Credit risk assessment process:

ऋण प्रस्तावों की मंजूरी निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित प्रत्यायोजन संरचना के अनुसार की जाती है. बैंक द्वारा प्रयुक्त ऋण जोखिम रेटिंग, ऋण प्रस्तावों का मूल्यांकन करने का एक मुख्य साधन है.
The sanction of credit proposals is in accordance with the delegation structure approved by the Board of Directors. Credit risk rating, used by the Bank is one of the key tools for assessing its credit proposals.

बैंक ने बासेल अपेक्षाओं के अनुरूप आंतरिक रेटिंग मॉडल जोखिम मूल्यांकन मॉड्यूल (रैम) को कार्यान्वित किया है. यह रेटिंग के लिए एक द्विआयामी मॉड्यूल अर्थात् बाध्यताधारी तथा सुविधा है. उधारकर्ता की श्रेणी और विशेषता के अनुसार विभिन्न रेटिंग मॉडलों के लिए वित्तीय, कारोबार, प्रबंधन तथा उद्योग जैसे विभिन्न जोखिम मानदंडों का इस्तेमाल किया जाता है. प्रस्ताव की गुणवत्ता व मात्रात्मक जानकारी का ऋण जोखिम विश्लेषक द्वारा मूल्यांकन किया जाता है ताकि उधारकर्ता की ऋण रेटिंग का पता लगाया जा सके.
The Bank has implemented internal rating model Risk Assessment Module (RAM), a two - dimensional module for rating viz.; obligor and facility, in line with Basel requirements. Different risk parameters such as financial, business, management and industry are used for different rating models in accordance with the category and characteristics of the borrower. Qualitative and quantitative information of the proposal is evaluated by the credit risk analyst to ascertain the credit rating of the borrower.

एक निश्चित प्रारंभिक राशि से अधिक के प्रस्तावों की रेटिंग बैंक के ऋण जोखिम समूह द्वारा केन्द्रीकृत रूप में की जाती है. आंतरिक ऋण रेटिंग को प्रमाणित करने के लिए उपयुक्त समिति आधारित दृष्टिकोण अपनाया जाता है. समितियों में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं. खुदरा उत्पादों के ऋण का अनुमोदन पृथक खुदरा उत्पाद दिशानिर्देश से संचालित होता है तथा प्रत्येक प्रस्ताव का मूल्यांकन स्कोरिंग मॉडल के जरिए किया जाता है.
Proposals over a certain threshold amount are rated centrally by rating analysts of the Bank. Suitable committee based approach is followed to validate the internal credit ratings. The committees comprise of senior officials of the Bank. Approval of credit for retail products are guided by the individual retail product paper guidelines and each proposal is appraised through a scoring model.

उपर्युक्त के अलावा, एक ऋण लेखा परीक्षा प्रक्रिया भी लागू की गई है जिसका उद्देश्य ऋणों की समीक्षा करना है और यह ऋण मूल्यांकन, निगरानी तथा न्यूनीकरण प्रक्रिया की प्रभावकारिता का मूल्यांकन करने के लिए एक प्रभावी साधन है.
In addition to the above, a Credit audit process is in place, which aims at reviewing the loans and acts as an effective tool to evaluate the efficacy of credit assessment, monitoring and mitigation process.

अनर्जक आस्तियों की परिभाषाएं / Definitions of non-performing assets:

रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक अपने अग्रिमों का वर्गीकरण अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में करता है.
The Bank classifies its advances into performing and non-performing advances in accordance with the extant RBI guidelines.

अनर्जक आस्ति (एनपीए) ऐसे ऋण या अग्रिम को कहा जाता है, जहां;
The non performing asset (NPA) is a loan or an advance where;

- मीयादी ऋण के मामले में ब्याज और/ अथवा मूलधन की किस्तें 90 से अधिक दिन से अतिदेय हों.
  Interest and/ or installment of principal remains overdue for more than 90 days for a term loan,
- खाता ओवरड्राफ्ट/ नकदी ऋण (ओडी /सीसी) के संबंध में 'अनियमित' रहता है. यदि खाते में बकाया राशि मंजूर सीमा/ आहरण अधिकार से लगातार अधिक रहती हो, तो उसे भी 'अनियमित' माना जाता है. जिन मामलों में मुख्य परिचालन खाते में बकाया राशि मंजूर सीमा / आहरण अधिकार से कम है, किंतु उनमें तुलन पत्र की तारीख तक लगातार 90 दिन तक कोई राशि जमा नहीं होती है या जमा की गई राशियां इस अवधि के दौरान नामे किए गए ब्याज के लिए पर्याप्त नहीं हैं, तो ऐसे खातों को भी 'अनियमित' माना जाता है.
  The account remains 'out of order' in respect of an Overdraft/Cash Credit (OD/CC). 'Out of order' means if the account outstanding balance remains continuously in excess of the sanctioned limit/drawing power. In cases where the outstanding balance in the principal operating account is less than the sanctioned limit/drawing power, but there are no credits continuously for 90 days as on the date of Balance Sheet or credits are not enough to cover the interest debited during the same period, these accounts are treated as 'out of order'.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

- क्रय किए गए या भुनाए गए बिल 90 से अधिक दिन से 'अतिदेय' हों.
  The bill remains overdue for a period of more than 90 days in the case of bills purchased and discounted.
- कृषि ऋण के संबंध में अल्पावधि फसलों के मामले में ब्याज तथा/अथवा मूलधन की किस्तों की अदायगी दो फसल मौसम से अतिदेय हो और दीर्घावधि फसलों में एक फसल मौसम से अतिदेय हो.
  In respect of an agricultural loan, the interest and / or installment of principal remains overdue for two crop seasons for short duration crops and for one crop season for long duration crops.

इसके अलावा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार एनपीए को अवमानक, संदिग्ध एवं हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है. अवमानक आस्ति उसे कहा जाता है, जो 12 माह या इससे कम अवधि से एनपीए हो. किसी आस्ति को संदिग्ध तब माना जाता है जब यह अवमानक आस्ति की श्रेणी में 12 माह या इससे अधिक अवधि से हो. हानि आस्ति उसे कहा जाता है जो बैंक द्वारा अथवा आंतरिक / बाह्य लेखा परीक्षकों द्वारा अथवा रिज़र्व बैंक के निरीक्षण के दौरान हानि आस्ति के रूप में अभिनिर्धारित की गई हो किन्तु जिसे पूर्णतः बट्टे खाते नहीं डाला गया हो.
NPAs are further classified into sub-standard, doubtful and loss assets based on the criteria stipulated by RBI. A substandard asset is one, which has remained as NPA for a period less than or equal to 12 months. An asset is classified as doubtful if it has remained in the sub-standard category for more than 12 months. A loss asset is one where loss has been identified by the Bank or by the internal / external auditors or the RBI inspection but the amount has not been written off fully.

प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध में, जहां ब्याज/ मूलधन बकाया है, बैंक ऐसी प्रतिभूतियों पर आय को गणना में शामिल नहीं करता है तथा निवेश के मूल्य में कमी के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित प्रावधानीकरण मानदंडों के अनुसार उचित प्रावधान करता है.
In respect of investments in securities, where interest / principal is in arrears, the Bank does not reckon income on such securities and makes provisions as per provisioning norms prescribed by RBI for depreciation in the value of investments.

क. कुल सकल ऋण जोखिम एक्सपोजर, निधि आधारित और गैर-निधि आधारित पृथक
a. Total gross credit risk exposures, Fund based and Non-fund based separately.

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

विवरण / Particulars	**निधि आधारित Fund Based**	**गैर-निधि आधारित Non Fund Based**	**कुल Total**
कुल सकल ऋण एक्सपोजर* Total Gross Credit Exposures*	28,05,697.98	14,02,976.02	42,08,674.00
देशी / Domestic	25,77,254.57	13,80,285.79	39,57,540.36
विदेशी / Overseas	2,28,443.41	22,690.23	2,51,133.64

* अग्रिम, साखपत्र, बैंक गारंटियां, एलईआर, स्वीकृतियां और अनाहरित मंजूरियां शामिल हैं
* includes advances, LCs, BGs, LERs, acceptances & undrawn sanctions

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

ख. सकल ऋण एक्सपोजर वाले शीर्ष 20 प्रकार के उद्योगों का वितरण-निधि आधारित व गैर-निधि आधारित

b. Top 20 industry type distribution of Gross credit exposures- fund based and non-fund based

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

उद्योग Industry	निधि आधारित एक्सपोजर FB Credit Exposure	गैर-निधि आधारित एक्सपोजर NFB Credit Exposure	कुल ऋण एक्सपोजर Total Credit Exposure
बिजली / Power	2,87,215.50	1,25,377.00	4,12,592.50
सड़क व पुल/ पोर्ट / Roads And Bridges / Ports	1,69,701.69	1,11,908.80	2,81,610.50
आवास ऋण / Housing Loans	2,81,095.85	0.00	2,81,095.85
इंफ्रास्ट्रक्चर अन्य / Infrastructure Others	1,27,025.61	1,26,740.11	2,53,765.72
तेल एवं गैस / पेट्रोलियम उत्पाद Oil And Gas/Petroleum Products	1,36,283.23	1,04,294.80	2,40,578.03
लौह एवं इस्पात / Iron And Steel	1,26,113.87	1,10,873.04	2,36,986.91
दूरसंचार / Telecom	81,187.15	80,421.63	1,61,608.78
एनबीएफसी / NBFC	1,38,803.06	6,154.66	1,44,957.72
टेक्सटाइल / Textiles	96,676.08	17,676.87	1,14,352.95
सामान्य मशीनरी एवं उपकरण General Machinery And Equipments	31,017.40	67,901.68	98,919.08
निर्माण / Construction	27,368.76	70,136.07	97,504.83
व्यापार / Trading	57,270.31	33,634.41	90,904.71
बैंकिंग / Banking	26,620.70	59,945.07	86,565.76
रसायन और रसायन उत्पाद Chemical And Chemical Products	41,766.70	26,943.28	68,709.98
सीमेंट/ Cement	56,674.89	10,410.65	67,085.54
विद्युत मशीनरी एवं उपकरण Electrical Machinery And Equipments	19,054.43	42,572.87	61,627.30
उर्वरक / Fertilizers	20,129.22	40,004.56	60,133.78
रत्न एवं आभूषण / Gems And Jewellery	35,283.69	21,915.38	57,199.08
चीनी व चीनी उत्पाद / Sugar And Sugar Products	42,374.00	11,918.41	54,292.42
धातु एवं धातु उत्पाद (बुनियादी लौह एवं इस्पात से निर्मित वस्तुओं को छोड़कर) Metals And Metal Products(Other Than Mfg. Of Basic Iron And Steel)	24,533.39	25,144.71	49,678.10
अन्य / Others	9,79,499.80	3,09,002.02	12,88,501.81
कुल / Total	**28,05,695.33**	**14,02,976.02**	**42,08,671.35**

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

ग. सकल ऋण एक्सपोजरों में 5% से अधिक हिस्सा रखने वाले उद्योग

c. Industries having more than 5% of the Gross credit exposures

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

उद्योग का नाम Industry Name	निधि आधारित Fund Based	गैर-निधि आधारित Non Fund Based	कुल Total	%
बिजली / Power	2,87,215.50	1,25,377.00	4,12,592.50	9.80%
सड़क व पुल / पोर्ट Roads & Bridges / Ports	1,69,701.69	1,11,908.80	2,81,610.50	6.69%
आवास ऋण / Housing Loans	2,81,095.85	0.00	2,81,095.85	6.68%
इंफ्रास्ट्रक्चर अन्य Infrastructure Others	1,27,025.61	1,26,740.11	2,53,765.72	6.03%
तेल एवं गैस / पेट्रोलियम उत्पाद Oil & Gas/Petroleum Products	1,36,283.23	1,04,294.80	2,40,578.03	5.72%
लौह एवं इस्पात /Iron & Steel	1,26,113.87	1,10,873.04	2,36,986.91	5.63%

घ. आस्तियों की बची हुई संविदात्मक परिपक्वता का विश्लेषण

d. Residual contractual maturity breakdown of assets

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

परिपक्वता अवधि Maturity Buckets	आस्तियां / Assets				
	रिज़र्व बैंक व अन्य बैंकों के पास नकदी एवं जमा शेष Cash & Balances with RBI and Other Banks	निवेश Investments	अग्रिम Advances	अचल आस्तियां एवं अन्य आस्तियां Fixed Assets & Other Assets	कुल आस्तियां Total Assets
दिन / Day 1	89,608.50	1,19,674.30	19,516.60	3,462.20	2,32,261.60
2 से 7 दिन / 2 to 7 days	3,189.40	95,289.90	17,248.90	615.4	1,16,343.60
8 से 14 दिन / 8 to 14 days	406.1	50.4	22,692.40	2,638.90	25,787.80
15 से 28 दिन 15 to 28 days	1,733.00	2,011.50	18,778.50	1,026.50	23,549.50
29 दिन से 3 माह तक 29 days & upto 3 months	6,085.90	9,024.10	1,11,764.80	39,222.30	1,66,097.10
3 माह से अधिक व 6 माह तक Over 3 months & upto 6 months	7,131.70	54,675.20	1,12,306.30	2,251.80	1,76,365.00

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

परिपक्वता अवधि Maturity Buckets	आस्तियां / Assets				
	रिज़र्व बैंक व अन्य बैंकों के पास नकदी एवं जमा शेष Cash & Balances with RBI and Other Banks	निवेश Investments	अग्रिम Advances	अचल आस्तियां एवं अन्य आस्तियां Fixed Assets & Other Assets	कुल आस्तियां Total Assets
6 माह से अधिक व 1 वर्ष तक Over 6 months & upto 1 year	10,906.50	55,540.10	1,18,458.20	8,256.00	1,93,160.80
1 वर्ष से अधिक व 3 वर्ष तक Over 1 year & upto 3 years	10,785.10	1,33,043.40	8,47,725.60	226.2	9,91,780.30
3 वर्ष से अधिक व 5 वर्ष तक Over 3 years & upto 5 years	3,720.80	1,89,144.30	2,53,887.50	56,048.20	5,02,800.80
5 वर्ष से अधिक / Over 5 yrs	11,690.52	5,51,178.93	5,61,389.86	7,899.85	11,32,159.16
कुल / Total	**1,45,257.52**	**12,09,632.13**	**20,83,768.66**	**1,21,647.35**	**35,60,305.66**

ङ. 31 मार्च 2015 को अनर्जक आस्तियां
e. Non Performing Assets as on March 31, 2015

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

एनपीए की स्थिति / Position of NPA	
कुल अग्रिम / Gross Advances	21,57,916.80
निवल अग्रिम / Net Advances	20,83,768.70
यथा कुल एनपीए / Gross NPA as on	1,26,849.72
क. अवमानक a. Substandard	30,200.22
ख. संदिग्ध 1 b. Doubtful 1	27,480.05
ग. संदिग्ध 2 c. Doubtful 2	55,611.17
घ. संदिग्ध 3 d. Doubtful 3	10,505.01
ङ. हानि e. Loss	3,053.27
एनपीए प्रावधान / NPA Provision*	66,339.66
निवल एनपीए / Net NPA	59,925.23

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

एनपीए की स्थिति / Position of NPA	
एनपीए अनुपात / NPA Ratios	
सकल अग्रिमों की तुलना में सकल एनपीए (%) / Gross NPAs to Gross Advances (%)	5.88%
निवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए (%) / Net NPAs to Net Advances (%)	2.88%
एनपीए में घट-बढ़ (सकल) / Movement of NPAs (Gross)	
आरंभिक शेष / Opening Balance	99,601.59
परिवर्धन / Additions	61,008.14
बट्टे खाते डाले गए / Write Offs	16,088.54
कटौतियां / Reductions	17,671.47
अंतिम शेष / Closing Balances	1,26,849.72
एनपीए के लिए प्रावधानों* में घट-बढ़ / Movement of Provisions* for NPAs	
आरंभिक शेष / Opening Balance	49,734.95
जोड़ें : अवधि के दौरान किए गए प्रावधान / Add : Provision made during the period	42,024.79
घटाएं: प्रतिचक्रीय प्रावधानीकरण बफर में अंतरित / Less : Transfer to Countercyclical Prov Buffer	0.000
घटाएं: बट्टे खाते डाली गई राशि / Less : Write offs	16,088.54
घटाएं: अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन / Less : Write Back of excess provision	9,331.54
अंतिम शेष / Closing Balances	66,339.66
(ञ/j) अनर्जक निवेशों की राशि / **Amount of Non-performing Investments**	10,106.27
(ट/k) अनर्जक निवेशों के लिए धारित प्रावधानों की राशि Amount of provisions held for Non-performing Investments	7,327.40
(ठ/l) निवेशों (बांड व डिबेंचर सहित) के मूल्य में कमी के लिए प्रावधानों में घट-बढ़ Movement of provisions for depreciation on investments (including bonds and debentures)	
आरंभिक शेष / Opening Balance	12,484.61
अवधि के दौरान किए गए प्रावधान / Provisions made during the period	3,017.87
बट्टे खाते में डाली गई राशि / अतिरिक्त प्रावधानों का पुनरांकन Write offs / Write Back of excess provisions	935.90
अंतिम शेष / Closing Balance	14,566.58

*प्रावधान राशि में ₹ 58.48 करोड़ की एनपीए आस्तियों पर एनपीवी हानि शामिल नहीं है.
*Provision amount does not include NPV loss on NPA asset of ₹ 58.48 Crore

तालिका डीएफ-4: ऋण जोखिम: मानकीकृत दृष्टिकोण के अधीन पोर्टफोलियो का प्रकटन
Table DF-4: Credit Risk: Disclosures for Portfolios Subject to the Standardised approach

बैंक पूंजी गणना के लिए अपने एक्सपोजरों पर जोखिम भार की गणना करने के लिए रिजर्व बैंक द्वारा निर्दिष्ट बाह्य रेटिंग एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई रेटिंग का प्रयोग करता है. बासेल दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंकों से यह अपेक्षित है कि वे देशी ऋण रेटिंग एजेंसियों अर्थात् क्रिसिल, केयर, इक्रा, इंडिया रेटिंग्स (पूर्ववर्ती फिच इंडिया), ब्रिकवर्क व स्मेरा और अंतर्राष्ट्रीय ऋण रेटिंग एजेंसियों फिच, मूडीज़ तथा स्टैंडर्ड एंड पूअर्स द्वारा प्रदान की गई बाह्य रेटिंग का उपयोग करता है.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

The Bank uses the solicited ratings assigned by the external credit rating agencies specified by RBI for calculating risk weights on its exposures for capital calculations. In line with the Basel guidelines, banks are required to use the external ratings assigned by domestic credit rating agencies viz. Crisil, CARE, ICRA, India Ratings (formerly Fitch India), Brickwork and SMERA and international credit rating agencies Fitch, Moody's and Standard & Poor's.

प्रदत्त रेटिंग का प्रयोग दिशानिर्देशों द्वारा अनुमत तरीके से तुलन पत्र में तथा तुलन पत्र से इतर अल्पावधि व दीर्घावधि सभी पात्र एक्सपोजरों के लिए किया जाता है. केवल उन्हीं रेटिंगों पर विचार किया जाता है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं तथा रेटिंग एजेंसियों के मासिक बुलेटिन के अनुसार लागू हों.
The ratings assigned, are used for all eligible exposures; on balance sheet & off balance sheet; short term & long term in the manner permitted by the guidelines. Only those ratings which are publicly available and in force as per the monthly bulletin of the rating agencies are considered.

जोखिम भारिता के प्रयोजन हेतु पात्र होने के लिए बैंक की ऋण जोखिम एक्सपोजर की संपूर्ण राशि को बाह्य ऋण आकलन हेतु हिसाब में लिया जाता है. बैंक एक वर्ष या इससे कम की संविदात्मक परिपक्वता वाले एक्सपोजरों के लिए अल्पावधि रेटिंग तथा एक वर्ष से अधिक वाले एक्सपोजरों के लिए दीर्घावधि रेटिंग का प्रयोग करता है.
To be eligible for risk weighting purposes, the entire amount of credit risk exposure to the Bank is taken into account for external credit assessment. The Bank uses short term ratings for exposures with contractual maturity of less than or equal to one year and long term ratings for those exposures which have a contractual maturity of over one year.

किसी कॉरपोरेट एक्सपोजर के लिए रेटिंग प्रदान करने और उपयुक्त जोखिम भार लागू करने की प्रक्रिया रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप है. जहाँ किसी कॉरपोरेट के लिए एक से अधिक रेटिंग उपलब्ध हैं, वहाँ दो रेटिंग उपलब्ध होने पर निम्नतर रेटिंग तथा तीन या अधिक रेटिंग होने पर द्वितीय निम्नतम रेटिंग लागू की जाती है. 3 प्रमुख जोखिम समूहों में ऋण जोखिम न्यूनीकरण एवं कटौती के पश्चात् बैंकिंग बही में आस्तियों की निवल बकाया राशि और गैर-निधि आधारित सुविधाओं का विश्लेषण नीचे दी गई तालिका में दिया गया हैः
The process used to assign the ratings to a corporate exposure and apply the appropriate risk weight is as per the regulatory guidelines prescribed by RBI. In cases where multiple external ratings are available for a given corporate, the lower rating, where there are two ratings and the second lowest rating, where there are three or more ratings is applied. The table given below gives the breakup of net outstanding amounts of assets in Banking Book and Non Fund Based Facilities after Credit Risk Mitigation in 3 major risk buckets as well as those that are deducted:

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

जोखिम-भार / Risk Weight	**निवल एक्सपोजर Net Exposure**
100% से कम / Less than 100%	22,38,454.09
100% पर /At 100%	11,55,212.20
100% से अधिक / More than 100%	4,87,248.31
पूंजी से कटौती / Deduction from Capital	311.00
कुल / Total	**38,81,225.60**

तालिका डीएफ-5 : ऋण जोखिम न्यूनीकरण : मानकीकृत दृष्टिकोण का प्रकटन
Table DF-5: Credit Risk Mitigation: Disclosures for Standardised Approaches

संपार्श्विक प्रतिभूति उधारकर्ता द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए उधारदाता को प्रदान की गई एक आस्ति या अधिकार है. ऋण जोखिमों को कम करने के लिए बैंक अपने निवेशों के प्रति संपार्श्विक प्रतिभूति लेता है. बैंक के पास संपार्श्विक प्रबंध और ऋण जोखिम न्यूनीकरण (सीआरएम) तकनीकों पर बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति है जिसमें स्वीकार्य संपार्श्विक प्रतिभूतियों के बारे में मानदंड, ऐसे संपार्श्विकों के वर्गीकरण और मूल्यांकन के लिए कार्यप्रणाली और प्रक्रियाएं दी गई हैं.
A collateral is an asset or a right provided by the borrower to the lender to secure a credit facility. To mitigate credit risk, the Bank obtains collaterals against its exposures. The Bank has a Board approved policy on Collateral Management

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

and Credit Risk Mitigation (CRM) Techniques, which includes norms on acceptable collaterals, procedures & processes to enable classification and valuation of such collaterals.

तुलन पत्रीय नेटिंग उन ऋणों और जमाराशियों तक सीमित है जहां बैंक के पास अन्य निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त विशिष्ट धारणाधिकार सहित वैध रूप से प्रवर्तनीय नेटिंग व्यवस्था है. यह नेटिंग उसी प्रतिपक्षकार की संपार्श्विक प्रतिभूतियों पर ऋणों के लिए है जो निर्धारणीय नेटिंग व्यवस्था के अधीन है.
On-Balance sheet netting is confined to loans and deposits, where the Bank has legally enforceable netting arrangements, involving specific lien in addition to other stipulated conditions. The netting is only undertaken for loans against collaterals of the same counterparty and subject to identifiable netting arrangement.

बैंक द्वारा ऋण एक्सपोजरों की बचाव व्यवस्था (हेज़िंग) करने के लिए वित्तीय तथा गैर-वित्तीय दोनों संपार्श्विक प्रतिभूतियों का इस्तेमाल किया जाता है. उधारकर्ता के प्रकार, जोखिम रूपरेखा तथा सुविधा को ध्यान में रखते हुए किसी उत्पाद के लिए उपयुक्त संपार्श्विक प्रतिभूति का निर्धारण किया जाता है. बैंक द्वारा स्वीकार की जानेवाली प्रमुख पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियों में नकदी, बैंक की स्वयं की जमाराशियां, स्वर्ण, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र, किसान विकास पत्र, घोषित अभ्यर्पण मूल्य के साथ जीवन बीमा पॉलिसियां और विभिन्न प्रतिभूतियां शामिल हैं. गैर-वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियों में भूमि व भवन, संयंत्र एवं मशीनरी, स्टॉक, आदि शामिल हैं. तथापि, खुदरा पोर्टफोलियो के अंतर्गत संपार्श्विक प्रतिभूतियों को उत्पाद के प्रकार के अनुसार परिभाषित किया जाता है, जैसे आवास ऋण के लिए संपार्श्विक प्रतिभूति आवासीय बंधक होगी और ऑटो ऋण के लिए यह वाहन होगी. अधिकांश पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियां जहाँ बैंक ने सीआरएम तकनीक के अंतर्गत पूंजीगत अभिलाभ प्राप्त किया है, बैंक की स्वयं की सावधि जमाराशियों के रूप में हैं जो ऋण या बाजार जोखिम के अधीन नहीं है.
Both financial as well as non-financial collaterals are used to hedge its credit exposures. Appropriate collateral for a product is determined after taking into account the type of borrower, the risk profile and the facility. The main types of eligible financial collaterals accepted by the Bank are Cash, Bank's own deposits, Gold, National Savings Certificates, Kisan Vikas Patra, Insurance policies with a declared surrender value and various Debt securities. The non-financial collaterals include Land & Building, Plant & Machinery, Stock, etc. However, under the retail portfolio the collaterals are defined as per the type of product e.g. collateral for housing loan would be residential mortgage and an automobile is a collateral for auto loan. Most of the eligible financial collaterals, where the Bank has availed capital benefits under CRM techniques, are in the form of Bank's own FDs which are not subject to credit or market risk.

बैंक अपने एक्सपोजरों को सुरक्षित करने के लिए गारंटियों पर भी विचार करता है. तथापि, यह सिर्फ उन्हीं गारंटियों पर विचार करता है जो प्रत्यक्ष, सुस्पष्ट तथा बिना शर्त होती हैं. संप्रभु सरकारों, सरकारी संस्थाओं, बैंकों, प्राथमिक व्यापारियों, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों हेतु ऋण गारंटी निधि ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) तथा उच्च रेटिंग प्राप्त कॉरपोरेट संस्थाओं को बासेल दिशानिर्देशों में निर्धारित रूप में पूंजीगत अभिलाभ प्राप्त करने के लिए बैंक द्वारा पात्र गारंटीकर्ता माना जाता है.
The Bank also considers guarantees for securing its exposures; however only those guarantees which are direct, explicit and unconditional are considered. Sovereigns, Public Sector Entities, Banks, Primary Dealers, Credit Guarantee fund Trust for Micro and Small Enterprises (CGTMSE), Export Credit Guarantee Corporation (ECGC) and highly rated corporate entities are considered as eligible guarantors by the Bank for availing capital benefits as stipulated in the Basel guidelines.

बैंक अपने सामने आनेवाले ऋण जोखिमों के प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं तथा तकनीकों का प्रयोग करता है. ऋण जोखिम न्यूनीकरण (सीआरएम) एक ऐसा साधन है जो पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति के मूल्य की सीमा तक इसकी पूंजी आवश्यकता की गणना करते समय, प्रतिपक्षी को बैंक के ऋण एक्सपोजर को कम करने के लिए तैयार किया गया है. प्रतिपक्षी के ऋण एक्सपोजर को उपयुक्त मार्जिन लगाने के बाद पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूतियों के मूल्य द्वारा समायोजित किया जाता है. मूल्य में अस्थिरता का पता लगाने के लिए मार्जिन लागू किया जाता है जिसमें एक्सपोजरों और संपार्श्विक प्रतिभूति दोनों के लिए मुद्रा असंतुलन के कारण होने वाली अस्थिरता भी शामिल है. पात्र गारंटियों के अंतर्गत पूंजी बचत का लाभ उठाने के लिए एक्सपोजर की राशि प्रतिभूत और अप्रतिभूत हिस्सों में बाँट दी जाती है. एक्सपोजर का प्रतिभूत हिस्सा गारंटीकर्ता के जोखिम भार को दर्शाता है, जबकि अप्रतिभूत हिस्सा बाध्यताधारी के जोखिम भार को दर्शाता है, बशर्ते कि बासेल दिशानिर्देशों में निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा किया जाए.
The Bank utilizes various processes and techniques to reduce the impact of the credit risk to which it is exposed. CRM is one such tool designed to reduce the Bank's credit exposure to the counterparty while calculating its capital requirement to the extent of the value of eligible financial collateral. The credit exposure to a counter party is adjusted by the value of

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

eligible financial collaterals after applying appropriate haircuts. The haircuts are applied to account for volatility in value, including those arising from currency mismatch for both the exposure and the collateral. For availing capital savings under eligible guarantees, the amount of exposure is divided into covered and uncovered portions. The covered portion of the exposure attracts the risk weight of guarantor, while the uncovered portion continues to attract the risk weight of the obligor subject to meeting requirements stipulated in the Basel guidelines.

सीआरएम तकनीक में शामिल बैंक का एक्सपोजर निम्नानुसार है:
The Bank's exposures where CRM techniques were applied are as follows:

(राशि मिलियन ₹ में / Amt. in ₹ Million)

विवरण / Particulars	**निधि आधारित Fund Based**	**गैर-निधि आधारित* Non-Fund Based ***
पात्र वित्तीय संपार्श्विक प्रतिभूति में शामिल कुल एक्सपोजर Total Exposures covered by eligible financial collateral	89,594.90	1,37,859.47
पात्र संपार्श्विक प्रतिभूति का लाभ लेने के बाद एक्सपोजर Exposure after taking benefit of eligible collateral	22,200.68	1,01,239.94

* गैर-बाजार संबद्ध / * Non-Market Related

जहां रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सीआरएम तकनीक के रूप में कॉरपोरेट गारंटियों का प्रयोग किया गया वहां यथा दिनांक 31 मार्च 2015 को एक्सपोजर की राशि ₹ 22,921.53 मिलियन थी.
The exposure covered by corporate guarantees where CRM techniques as per RBI guidelines were applied amounted to ₹22,921.53 Million as on March 31, 2015.

डीएफ-6 : प्रतिभूतिकरण एक्सपोजर-मानकीकृत दृष्टिकोण का प्रकटन
DF-6: Securitization exposure-Disclosure for Standardized Approach

गुणात्मक प्रकटन/ Qualitative Disclosures		
क. a.	**बैंक के प्रतिभूतिकरण कार्यकलापों के संबंध में सामान्य गुणात्मक प्रकटन निम्नलिखित हैं :** **The general qualitative disclosures with respect to securitization activities of the Bank are as follows:**	
	• प्रतिभूतिकरण कार्यकलाप के संबंध में बैंक का उद्देश्य उस सीमा सहित जिस तक ये कार्यकलाप अंतर्निहित प्रतिभूतिकृत ऋणों के ऋण जोखिम को बैंक से अलग अन्य संस्थाओं को अंतरित करते हैं. The Bank's objectives in relation to securitization activity, including the extent to which these activities transfer credit risk of the underlying securitized exposures away from the bank to other entities.	बैंक ने 31 मार्च 2015 को समाप्त वर्ष के दौरान किसी मानक ऋणों को प्रतिभूतिकृत नहीं किया है. अतः प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में कमी को पूरा करने के उद्देश्य से बैंक ने पास थ्रू सर्टिफिकेट (पीटीसी) अर्थात् विभिन्न एनबीएफसी / एमएफआई द्वारा प्रतिभूतिकृत आस्तियों में निवेश किया है. Bank has not securitized any standard loans during year ended on March 31, 2015. Hence, transfer of credit risk is not applicable. However, in order to supplement the achievement of target in Priority Sector Lending (PSL), the Bank invested in Pass Through Certificates (PTC) i.e. Assets securitized by various NBFC/MFI.

समेकित पिलर III प्रकटन (31 मार्च 2015)
Consolidated Pillar III Disclosures (March 31, 2015)

•	प्रतिभूतिकृत आस्तियों में निहित अन्य जोखिमों का स्वरूप The nature of other risks inherent in securitized assets.	लागू नहीं क्योंकि बैंक ने किसी मानक ऋण को प्रतिभूतिकृत नहीं किया है Not applicable as the Bank has not securitized any standard loans. पीटीसी में निवेश के मामले में अंतिम उधारकर्ताओं से वसूली गई राशि से चुकौती की जाती है साथ ही, ऋण वृद्धि भी रेटिंग पर आधारित रेटिंग एजेंसी द्वारा तय किए अनुसार उपलब्ध है. यदि समूहों में हानियों का स्तर ऋण वृद्धि से अधिक हो जाता है तो हानियों को बैंक द्वारा वहन किया जाता है. In case of investment in PTCs, the repayment is done out of the collections from the ultimate borrowers. Further Credit Enhancement is also available as determined by Rating Agency based on the rating. If the losses in the pool exceed level of credit enhancement, the losses are to be borne by Bank.
•	प्रतिभूतिकरण प्रक्रिया में बैंक द्वारा अदा की जाने वाली विभिन्न भूमिकाएं और इनमें से प्रत्येक में बैंक की सहभागिता के विस्तार का संकेत; The various roles played by the Bank in the securitization process and an indication of the extent of the bank's involvement in each of them;	बैंक ने निवेशक तथा ऋण वृद्धि प्रदाता और प्रतिभूतिकरण में चलनिधि सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिकाएं अदा की हैं. दिनांक 31 मार्च 2015 तक उपर्युक्त श्रेणी में एक्सपोजर निम्नलिखित हैं: Bank has played the role of Investor, Provider of Credit Enhancement and Liquidity Facility in Securitization. The exposures in above category as on March 31, 2015 is as under:

क्रम Sr. No	अदा की गई भूमिका Role played	लेन-देनों की संख्या No. of transactions	अंतर्निहित राशि Amount involved
1	निवेशक (बकाया) Investor (o/s)	79	59,352.78
